सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
11.11.2022
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

SURJABASHA

epaper.khabarmantra.net | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, तृतीया, संवत 2079 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 118

12 एडिलेड में शर्मसार भारत, इंग्लैंड के हाथों पिटकर बाहर




## न्यूज डायरी

### मालदीव में भीषण आग 9 भारतीयों की मौत

**माले।** मालदीव की राजधानी माले की एक इमारत में भीषण आग लगने की खबर है। बताया जा रहा है कि इस दर्दनाक हादसे में 10 लोगों की मौत हो गयी। इनमें नौ भारतीय शामिल हैं। इसके अलावा कई लोग बुरी तरह घायल हो हैं। अधिकारियों ने बताया कि इमारत के ग्राउंड फ्लोर पर स्थित कार गैराज में भीषण आग लग गयी। मामले की जानकारी मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची और करीब चार घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका। बताया जा रहा है कि जांच के दौरान ऊपरी मंजिल पर 10 लोगों के शव मिले, जिनमें नौ भारतीय और एक बांग्लादेशी है।

### बेटी रोहिणी लालू को देंगी एक किडनी

**पटना।** पिछले कई सालों से किडनी की बीमारियों से पीड़ित लालू प्रसाद की जिंदगी बचाने के लिए उनकी सिंगापुर में रहनेवाली बेटी रोहिणी अचार्य अपनी एक किडनी देंगी। बेटी रोहिणी का यह बड़ा फैसला देश की सभी बेटियों के लिए मिसाल है। सिंगापुर में ही अगले माह किडनी ट्रांसप्लांट होगा।

### पत्नी की हत्या कर बेटी को लेकर पति फरार

**लोहरदगा।** सेन्हा थाना अंतर्गत उगरा कटहल टोली में लाठी-डंडे से पीटकर पत्नी की हत्या का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि गोकुल महली नामक व्यक्ति अपनी पत्नी रीता देवी (30 वर्ष) को लाठी-डंडे एवं लात-घुसा से मारकर बुधवार की रात हत्या कर घर से फरार हो गया। अपने साथ पांच साल की बेटी को भी लेते गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना सेन्हा थाना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची सेन्हा थाना पुलिस हत्यारे की गिरफ्तारी के लिए संबंधित स्थानों पर छापेमारी शुरू कर दी।

### दर्शन करने दो किमी पैदल चलीं राष्ट्रपति

**पुरी।** यहां की सड़क पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लगातार पैदल चल रहीं थीं। हर कोई हैरान था कि, आखिरकार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू क्यों पैदल चल रहीं हैं। पर जब उन्होंने एक आम भक्त की तरह गुरुवार को जगन्नाथ मंदिर के दर्शन किए तो हर कोई जान गया पैदल चलाने का राज। पुरी ग्रांड रोड पर करीब 2 किमी. पैदल चलकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रुक गई और उन्होंने एक आम भक्त की तरह गुरुवार को जगन्नाथ मंदिर के दर्शन किये।

### आधार कार्ड को लेकर नयी गाइडलाइंस जारी

**नयी दिल्ली।** यूआइडीएआइ ने आधार कार्ड को लेकर अब नयी गाइडलाइंस जारी की है। अब हर भारतीय को आधार कार्ड को 10 वर्ष बाद अपडेट कराना अनिवार्य होगा। संशोधित नियम के अनुसार, आधार संख्या प्राप्त करने से 10 साल पूरा होने के बाद कम-से-कम एक बार संबंधित दस्तावेजों का अद्यतन (अपडेट) कराना जरूरी होगा।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 49,300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 65,500 रु./प्रति किलो |

---

बच्चों को छात्रवृत्ति समेत 34 प्रस्तावों पर झारखंड कैबिनेट की मुहर

# छात्रों की पढ़ाई से लेकर नौकरी तक की चार योजनाओं को मंजूरी

➲ गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड स्कीम समेत चार नयी पहल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड कैबिनेट की बैठक में 34 प्रस्तावों को स्वीकृति दी गयी। इनमें आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री प्रशिक्षण योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना व मुख्यमंत्री सारथी योजना प्रमुख है। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इन योजनाओं को झारखंड स्थापना दिवस समारोह में लांच करेंगी। मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत राज्य के दसवीं पास 8000 बच्चों को इंजीनियरिंग, मेडिकल, मास कम्युनिकेशन, फैशन डिजाइनिंग, होटल मैनेजमेंट, सीए या इसीडब्ल्यू की कोचिंग निशुल्क करायी जायेगी। कैबिनेट सचिव बंदना डाडेल ने बताया कि एलेन, आकाश या अन्य बड़ी कोचिंग संस्था से बच्चों को मार्गदर्शन मिलेगा। बच्चों को 2500 छात्रवृत्ति भी रहने के लिए दी जायेगी। (शेष पेज 11 पर)

## राष्ट्रपति करेंगी इन योजनाओं की शुरुआत

सरकार की महत्वकांक्षी गुरुजी क्रेडिट कार्ड, सीएम सारथी योजना, मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना, एकलव्य स्किल स्कीम का शुभारंभ 15 नवंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों किया जायेगा। इसके अलावा आदित्यपुर में पॉलिटेक्निक कॉलेज बनेगा, इसपर 27.63 लाख रुपये खर्च होंगे। बीआईटी सिंदरी में 3 छात्रावास बनेंगे, इसपर 89 करोड़ खर्च होंगे। रांची के कांके स्थित कृषि निदेशालय में पलाश मार्ट खुलेगा। इसपर खर्च 4.40 करोड़ खर्च करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी है। वहीं उग्रवाद प्रभावित 16 जिलों में युवाओं के कौशल औद्योगिक प्रशिक्षण के लिए शिक्षकों के 496 पदों की स्वीकृति दी गयी है। एकलव्य स्कीम उच्च तकनीकी शिक्षा विभाग की योजना है। इस योजना के तहत यूपीएससीए जेपीएससीए बैंक पीओए रेलवेए एसएससी आदि प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करने वाले बच्चों को सरकार आर्थिक मदद करेगी।

### कैबिनेट के अन्य अहम फैसले

अमृत योजना के तहत रामगढ़ में शहरी जलापूर्ति के लिए 56,281 लाख की लागत से जलापूर्ति योजना की स्वीकृति। राज्य सरकार के कर्मियों के छठा वेतनमान में मंहगाई भत्ता की दर 203 प्रतिशत से बढ़ा कर 212 प्रतिशत की गयी। पेंशधारियों के मंहगाई राहत की दर में वृद्धि, राज्य सरकार के कर्मियों के पंचम वेतनमान में मंहगाई भत्ता में 381 प्रतिशत से बढ़ा कर 396 प्रतिशत किया गया। सिकटिया वृहत सिंचाई योजना के लिए नाबार्ड से 451 करोड़ ऋण लेने की स्वीकृति। 14 ग्रामीण जलापूर्ति के लिए नाबार्ड से 986 करोड़ ऋण लेने की स्वीकृति। झारखंड उच्च न्यायालय में 87 राजपत्रित और अराजपत्रित पदों की स्वीकृति। सिदो कान्हो मुर्मू विश्व विद्यालय के तहत नये डिग्री और महिला कॉलेज के लिए पद एवं संकाय की स्वीकृति।

---

# रांची में बाबा रामदेव बोले

## अच्छा काम कर रहे हेमंत



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** योग गुरु बाबा रामदेव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अच्छा काम कर रहे हैं। रांची पहुंचे योगगुरु ने गुरुवार को सीएम हेमंत सोरेन से भेंट कर उनके काम की सराहना की। इस दौरान सीएम ने उनका पैर छूकर आशीर्वाद लिया। यही नहीं सीएम ने बाबा को शॉल भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इडी की कार्रवाई एक राजनीतिक विषय है। पत्रकारों ने उनसे पूछा था कि क्या भाजपा सरकार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को परेशान कर रही है। इसी प्रश्न के जवाब में बाबा रामदेव ने सिर्फ इतना कहा कि यह राजनीतिक विषय है।

---

# एक बार फिर वर्ल्ड कप का सपना टूटा

## भारत की करारी हार, पाकिस्तान और इंग्लैंड में अब खिताबी जंग

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम टी20 वर्ल्ड कप के दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 10 विकेट से हारकर टूनार्मेंट से बाहर हो गयी। सेमीफाइनल में टीम इंडिया को इंग्लैंड ने एकतरफा मुकाबले में 10 विकेट से हराकर खिताब जीतने का सपना तोड़ दिया है। 2014 के बाद सातवीं बार ऐसा हुआ है जब टीम इंडिया आईसीसी इवेंट के नॉकआउट मुकाबलों से बाहर हुई हो। दूसरे सेमीफाइनल में गुरुवार को इंग्लैंड ने 169 रन के लक्ष्य का पीछा करते ओपनर जोस



बटलर (80) और एलेक्स हेल्स (86) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत बिना विकेट गंवाये 16 ओवर में 170 रन बनाकर जीत दर्ज करते हुए फाइनल में जगह बनायी। खिताब के लिए उसका सामना रविवार 13 नवंबर को पाकिस्तान से होगा।

**रोहित भी नहीं दिला सके कोई खिताब**

विराट कोहली के बाद रोहित शर्मा भी भारत को कोई आइसीसी टर्नामेंट के खिताब नहीं दिला सके। 2014 के बाद से 7वीं बार आईसीसी इवेंट के नॉकआउट मुकाबले से भारतीय टीम बाहर हो गयी। टीम इंडिया 2007 में टी20 विश्व कप जीतने के बाद 2014 में इस मेगा इवेंट के फाइनल में पहुंची थी, जिसमें उसे श्रीलंका के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। 2016 में भी टीम ने सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था, लेकिन सेमीफाइनल में वेस्टइंडीज ने टीम को हरा दिया था। यूएई में खेले गए टी20 वर्ल्ड कप 2021 में भारत का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया में हो रहे टी20 वर्ल्ड कप 2022 में भारत ने जबरदस्त वापसी की थी और सेमीफाइनल तक का सफर तय कर लिया था।

---

विशेष सत्र आज, दोनों पक्षों ने बनायी रणनीति

# नयी स्थानीय नीति और ओबीसी आरक्षण पास होगा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान शुक्रवार को हेमंत सरकार 1932 पर आधारित स्थानीय नीति और ओबीसी आरक्षण से जुड़े बिल को विधानसभा से पास करायेगी। शुक्रवार के विशेष सत्र को ले कर स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने तैयारियों को अंतिम रूप दिया। साथ ही दोनों पक्षों ने गुरुवार की शाम बैठक कर अपनी-अपनी रणनीति बनायी। बैठक के बारे में जानकारी देते हुए संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि शुक्रवार को विशेष सत्र में 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीयता और ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण से जुड़ा बिल सदन



में पारित होगा। उस पारित बिल को केंद्र सरकार को भेजा जायेगा। उन्होंने कहा कि दोनों बिल में सारी बातों का जिक्र होगा। श्री आलम ने विपक्ष से आग्रह किया कि राज्यहित में दोनों बिल को पास कराने में समर्थन करें। (शेष पेज 11 पर)

---

## राष्ट्रपति के दौरे को लेकर एयरपोर्ट की सुरक्षा जांच

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड स्थापना दिवस 15 नवंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रांची आ रही हैं। उनके दौरे को लेकर तैयारियां जोरों पर है। इसी के तहत गुरुवार को आला अधिकारियों की पूरी टीम ने रांची एयरपोर्ट का जायजा लिया। संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए.दिये गये। राष्ट्रपति आगमन को



लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। रांची जिला प्रशासन और राज्य सरकार की तरफ से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जा रहे हैं। रांची सिटी एसपी अंशुमन कुमार, डीएसपी राजा कुमार मित्रा, डीएसपी जितनवाहन उरांव, डीएसपी दीपक कुमार, खुफिया विभाग के अधिकारी अमित कुमार, एयरपोर्ट थाना प्रभारी आनंद कुमार सहित एसडीएम और एयरपोर्ट के सभी पदाधिकारी मौके पर मौजूद थे।

## पलामू में मिले लैंड माइंस, सुरक्षाबलों ने नष्ट किया

**मेदिनीनगर।** सुरक्षाबलों ने माओवादियों की बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है। माओवादियों ने सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए एक पुलिया में लैंडमाइंस को लगाया था। लैंडमाइंस को सुरक्षाबलों ने विस्फोट कर नष्ट कर दिया। यह पूरी घटना पलामू के मनातू थाना क्षेत्र के चक के बधार की है। लैंडमाइंस बरामद होने के बाद इलाके में सुरक्षा बल सर्च अभियान चला रहे हैं। एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने लैंडमाइंस की बरामद होने की पुष्टि करते हुए बताया कि बम निरोधक दस्ते ने इस लैंड माइंस को डिफ्यूज कर दियाष दरअसल, सीआरपीएफ 134 बटालियन के टीम चक के इलाके में माओवादियों के खिलाफ सर्च अभियान चला रही थी। इसी क्रम में बधार के पास एक पुलिया में जवानों को तार नजर आयाष जवानों ने सावधानी पूर्वक देखा तो पुल के नीचे एक लैंड माइंस मौजूद था। पूरे मामले में सीआरपीएफ के जवानों का बयान के आधार पर मनातू थाना में माओवादियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है।

## कोलकाता कैश कांड | तीनों विधायकों को बेल आज सत्र में भाग ले सकते हैं

**रांची।** कैश के साथ कोलकाता में पकड़े गये कांग्रेस के तीनों विधायक डॉ इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी को कलकत्ता हाईकोर्ट ने जमानत दे दी है। पहले तीनों विधायक अंतरिम बेल पर थे, अब उन्हें रेगुलर जमानत मिल गयी। इस फैसले के साथ एक अहम फैसला भी किया गया है जिसमें तीनों विधायक अब कोलकाता छोड़कर झारखंड लौट सकते हैं। खबर है कि तीनों विधायक कोलकाता से रांची के लिए रवाना हो गये हैं। शुक्रवार को झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र में तीनों शामिल हो सकते हैं।

---

सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया हलफनामा, कहा

# धर्म बदलने वाले दलितों को अनुसूचित जाति का दर्जा नहीं

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** धर्म परिवर्तन कर इस्लाम और ईसाइ धर्म अपनाने वाले दलितों को अनुसूचित जाति का दर्जा देने वाली याचिकाओं का केंद्र सरकार ने विरोध किया है। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामें में सरकार ने केंद्र ने कहा है कि ईसाई और मुस्लिम समुदाय में जातीय आधार पर छुआछूत नहीं है। केंद्र ने दलित ईसाइयों और दलित मुसलमानों को अनुसूचित जातियों की सूची से बाहर किये जाने का बचाव करते हुए कहा है कि आंकड़ों से पता चलता है कि उन्होंने कभी किसी पिछड़ेपन या उत्पीड़न का सामना नहीं किया। दलित ईसाई और दलित मुसलमानों के अनुसूचित जातियों के लाभों का दावा नहीं कर सकने का तर्क देते हुए सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने उच्चतम



न्यायालय में हलफनामा दाखिल किया। हलफनामे में कहा कि 1950 का संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश किसी भी असंवैधानिकता से ग्रस्त नहीं है। केंद्र ने हलफनामे में कहा कि रंगनाथ कमीशन ने जमीनी हकीकत का अध्ययन किये बिना ही धर्मान्तरण करने वाले सभी दलितों को अनुसूचित जाति का दर्जा देने की सिफारिश की थी। सरकार ने उस सिफारिश को स्वीकार नहीं किया था। हलफनामे में राष्ट्रीय धार्मिक और भाषाई अल्पसंख्यक आयोग के नोट का हवाला दिया गया है। इसके मुताबिक ईसाई और मुस्लिम के मूलतः विदेशी धर्म होने के चलते उनमें जाति व्यवस्था इतनी हावी नहीं है। इनमें तब्दील हुए दलितों को अनुसूचित जाति का दर्जा देना वहां भी जाति व्यवस्था को जन्म देगा। सरकार का कहना है कि इस मामले की संजीदगी को देखते हुए पूर्व चीफ जस्टिस केजी बालाकृष्णन की अध्यक्षता में एक आयोग का गठन भी किया है जो धर्म परिवर्तन करने वाले दलितों को अनुसूचित जाति के दर्जे पर विचार करेगा। अभी सिर्फ हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म के दलितों को अनुसूचित जाति का दर्जा और उसके मुताबिक आरक्षण का लाभ मिलता है। इस्लाम और ईसाई धर्म अपनाने वाले दलितों को ये दर्जा हासिल नहीं है।

---

# घूस लेते थाना प्रभारी गिरफ्तार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मानगो थाना प्रभारी राजीव रंजन कुमार को एसीबी ने 25 हजार रुपए घूस लेते गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में इंटक के युवा राष्ट्रीय सचिव बलदेव सिंह ने एसीबी में शिकायत की थी। अपनी शिकायत में उन्होंने कहा था कि उनकी बाइक की टक्कर हो गयी थी। इस संबंध में दूसरे पक्ष ने थाने में शिकायत की थी। मामले में कोर्ट से उन्होंने जमानत ले ली थी, पर थाना प्रभारी उनसे 50 हजार की मांग कर रहे थे। अंत में परेशान हो कर सौदा 25 हजार में सौदा उन्हें तय करना पड़ा। परेशान होकर बलदेव ने एसीबी को शिकायत की। मामले

मानगो थाना से गिरफ्तार कर साथ ले गयी एसीबी टीम



की पुष्टि होने पर एसीबी ने जाल बिछाया। गुरुवार को तय रकम देने बलदेव सिंह थानेदार के चेंबर पहुंचे। थानेदार ने जैसे ही घूस की रकम पकड़ी, बाहर खड़ी एसीबी की टीम ने उन्हें दबोच लिया। जानकारों के अनुसार पूर्वी सिंहभूम जिले में पहली बार किसी थाना प्रभारी को घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। इसके पहले तक थाना के सब इंसपेक्टर तक की गिरफ्तारी हुई है। लोगों का मानना है कि थानेदार की गिरफ्तारी के बाद अब कोई भी पुलिस प्रशासन रिश्वत लेने के पहले कई बार सोचेगा।

# रांची निगम क्षेत्र में साफ-सफाई का निर्देश जारी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड स्थापना दिवस एवं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के रांची आगमन के मद्देनजर रांची नगर निगम क्षेत्रांतर्गत साफ-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने को लेकर गुरुवार को उप नगर आयुक्त रजनीश कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें उन्होंने स्वच्छता शाखा को सभी मुख्य पथों पर विशेष सफाई अभियान चलाने का निर्देश दिया। साथ ही सभी जोनल सुपरवाइजर को यह निर्देश दिया कि सभी मुख्य मार्गों एवं चौक चौराहों में नियमित रुप से झाड़ू, कूड़े का उठाव, ब्लीचिंग पाउडर और एंटी लार्वा दवा का छिड़काव, झाड़ियों की कटाई आदि कार्य सुनिश्चित किए जाएं। इसके अलावा शहर के सभी मुख्य चौक चौराहों पर रंग-रोगन, वीर शहीदों की प्रतिमाओ की सफाई एवं मुख्य पथों के स्ट्रीट लाइट्स को यथाशीघ्र दुरूस्त करने का निर्देश दिया।

उन्होंने अधिकारियों को सड़क किनारे अतिक्रमण हटवाने तथा अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई का निर्देश दिया। वहीं शहर के मुख्य पथों पर भवन निर्माण सामग्री पाए जाने पर जुर्माना वसूलने का निर्देश दिया। इसके अलावा हॉर्टिकलकर शाखा को शहर के सभी मुख्य मार्गों और शहरव्यापी बागवानी पर विशेष ध्यान देने को कहा।

## भाजपा ने विशेष सत्र को लेकर बनायी रणनीति, बिरंची बोले

# भाजपा जनभावनाओं के साथ खड़ी है लेकिन सरकार की मंशा साफ नहीं

**राज्य सरकार की मंशा साफ रहती तो सीधे संकल्प लेकर 1932 की स्थानीय और नियोजन नीति लागू कर देती**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विधानसभा के विशेष सत्र को लेकर भाजपा ने रणनीति बनायी। प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश की अध्यक्षता में विधायक दल की बैठक गुरूवार को हुई। बैठक में नेता विधायक दल बाबूलाल मरांडी, कर्मवीर सिंह, विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, नवीन जायसवाल, जेपी पटेल, अपर्णा सेन गुप्ता, अमर बाउरी, रामचंद्र चंद्रवंशी, नीरा यादव, अनंत ओझा, रणधीर सिंह, भानु प्रताप शाही, आलोक चौरसिया, केदार हजार,पुष्पा देवी, नारायण दास, किशुन दास, अमित मंडल, समरी लाल, कोचे मुंडा, बिरंची नारायण, शशिभूषण मेहता, राज सिन्हा, मनीष जायसवाल थे।

पार्टी के मुख्य सचेतक विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि भाजपा जनभावनाओं के साथ खड़ी है लेकिन सरकार की मंशा साफ नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा यदि साफ रहती तो सीधे संकल्प लेकर 1932 की स्थानीय नीति और नियोजन नीति लागू कर देती। लेकिन, हेमंत सरकार इसे केवल उलझाना चाहती है। उन्होंने कहा कि 6 माह पहले मुख्यमंत्री ने सदन ने स्पष्ट कहा था कि 1932 की नीति को लागू नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि रघुवर सरकार ने 1985 की नीति केवल संकल्प लाकर लागू कर दिया था। इसमें एक लाख से ज्यादा नौकरियां दी गई। उन्होंने कहा कि यह सरकार ईडी के पत्र से डरी हुई है। जब जब ये सरकार भ्रष्टाचार के मामले में घिरती है तब तब नये-नये छलावे देकर जनता का ध्यान भटकाती है। पिछड़ों के 27 प्रतिशत आरक्षण के प्रस्ताव पर कहा कि भाजपा के सभी विधायक इससे सहमत हैं। उन्होंने कहा कि आखिर सरकार क्यों बिना पिछड़ों का आरक्षण तय किए नगर निकाय चुनाव कराने पर अड़ी है जबकि इन्होंने पंचायत चुनाव के समय कोर्ट में हलफनामा देकर अगला चुनाव आरक्षण तय करके ही कराने की बात कही थी उन्होंने जोर देकर कहा कि जो विधायकों को विधेयक की कॉपी मिली है उसमें अनेक त्रुटियां है।

सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
Central Mine Planning & Design Institute Ltd.
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)
गोन्दवाना प्लेस, काँके रोड, राँची-834031, झारखण्ड, भारत

सूचना

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएं कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi. co.in),सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in. के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

# रजिस्ट्रार राहुल चौबे और सुजीत कुमार के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जिला अवर निबंधक स्तर के दो अधिकारियों (रजिस्ट्रार) राहुल चौबे और सुजित कुमार को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई।

हाईकोर्ट ने पुलिस को रजिस्ट्रार राहुल चौबे और सुजित कुमार के खिलाफ दर्ज एफआइआर में किसी भी तरह की पीड़क कार्रवाई नहीं करने का आदेश दिया है। प्रार्थियों की ओर से झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और पार्थ जालान ने पक्ष रखा।

**हाईकोर्ट में कवैशिंग याचिका दाखिल की थी :** बता दें कि धनबाद जिले के गोविन्दपुर में पदस्थापन के दौरान दोनों ही अधिकारियों पर एक भूमि की रजिस्ट्री को लेकर प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी। जिसके बाद प्राथमिकी को रद्द करने के लिए रजिस्ट्रार राहुल चौबे और सुजित कुमार ने हाईकोर्ट में कवैशिंग याचिका दाखिल की थी। जिसपर सुनवाई के बाद अदालत ने दोनों ही अधिकारियों के खिलाफ नोकोअरसिव एक्शन का आदेश दिया है।

## आचार्यकुलम में आयोजित योग शिविर में शामिल हुए योग गुरू

# योग करने से कई बीमारियां रहेंगी दूर जीवन होगा खुशहाल : स्वामी रामदेव



**खबर मन्त्र डेस्क**

**रांची।** राजधानी रांची स्थित आचार्यकुलम विद्यालय में बुधवार को योग गुरू स्वामी रामदेव जी पहुंचे। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में गुरुवार को प्रातः 4:30 बजे से भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। योग शिविर में विद्यालय के 1 हजार 650 छात्र-छात्राएँ और 3500 अभिभावकों ने हिस्सा लिया। उन्होंने छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को योग के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि अभी कई तरह की बीमारियाँ फैल रही है। योग करने से कोई भी बीमारी नहीं होती। अतः सौ वर्षों का जीवन चाहिए तो योग अत्यंत आवश्यक है। स्वामी जी ने बच्चों से कहा कि आप ऊँची सोच, कड़ी मेहनत और पक्का इरादा से लक्ष्य को पा सकते हैं। भारत आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक और शिक्षा के क्षेत्र में विश्व का नेतृत्व कर सकता है। उन्होंने अभिभावकों से अनुरोध किया कि आप सभी शाकाहारी बनें और धूम्रपान छोड़ें। इस अवसर पर पतंजलि योगपीठ के सदस्य और विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित थे।

# विधायक समरी लाल गवाहों की सूची छोटी करें : हाईकोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2019 में कांके विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी रहे सुरेश बैठा की इलेक्शन पिटीशन पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान भाजपा विधायक समरी लाल की ओर से उपस्थित गवाह बुलगरिया देवी का बयान अदालत के समक्ष दर्ज हुआ। बयान में बुलगरिया देवी ने कहा कि समरी लाल उनके रिश्तेदार नहीं हैं। गवाह का बयान दर्ज होने के बाद कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 17 नवंबर की तिथि निर्धारित की है।

याचिकाकर्ता सुरेश बैठा की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, विभास सिन्हा, अजय शाह और अंकित मिश्रा ने कोर्ट के समक्ष पक्ष रखा। वहीं समरी लाल की ओर से अधिवक्ता अमर कुमार सिन्हा ने पक्ष रखा। इसके साथ ही अदालत ने समरी लाल को यह निर्देश दिया है कि वो अपने गवाहों की सूची छोटी करें ताकि मामले की सुनवाई जल्द पूरी हो सके, अन्यथा कोर्ट अगली डेट पर उचितआदेश पारित करेगा।

**समरी लाल के निर्वाचन को रद्द करने की मांग की :** बता दें कि वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में कांके विधानसभा की आरक्षित सीट से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार सुरेश बैठा और बीजेपी के प्रत्याशी समरी लाल चुनाव लड़े थे। मतगणना के बाद भाजपा के प्रत्याशी समरी लाल को निर्वाचित घोषित किया गया। जिसके बाद सुरेश बैठा ने झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर समरी लाल के निर्वाचन को रद्द करने की मांग की है। उन्होंने आधार दिया कि समरी लाल के द्वारा चुनाव के दौरान दिया गया जाति प्रमाण पत्र गलत है।

# मनी लाउंड्रिंग मामले में महावीर रूंगटा समेत छह पर कंपलेन

**रांची।** ईडी ने अवैध चालान के जरिये आयरन ओर की ट्रांस्पोर्टिंग कर अवैध कमाई के मामले में प्रॉसिक्यूशन कंपलेन दाखिल कर दी है। ईडी ने महावीर प्रसाद रूंगटा, रामगढ़ स्पंज आयरन प्राइवेट लिमिटेड, राकेश सिंघानिया, एमएस तिरुपति बालाजी इंटरप्राइजेज, एमएस एपिकल एक्सिस प्राइवेट लिमिटेड और विधाता डिस्ट्रीब्यूटर्स के नाम शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2010 में सीबीआई ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी। शुरूआती जांच में उक्त कंपनियों और अभियुक्तों की मिलीभगत से फर्जी चालान पर ट्रांसपोर्टेशन कराने की बात सामने आई थी। सीबीआई ने अपनी चार्जशीट में भी इस बात का जिक्र किया था कि आरोपियों ने 4.33 करोड़ की अवैध कमाई की है। सीबीआई की प्राथमिकी के आधार पर ईडी ने सभी के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया था।

# रांची में तीन दर्जन पुलिस पदाधिकारियों का तबादला, जॉन मुर्मू बने रिम्स सुरक्षा प्रभारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची एसएसपी किशोर कौशल ने पुलिस केंद्र में अपने पदस्थापन के इंतजार में बैठे 38 पुलिस अधिकारियों की पोस्टिंग की है। पुलिस केंद्र में पदस्थापना के इंतजार में बैठे जॉन मूर्मू को रिम्स सुरक्षा का प्रभारी बनाया गया है। वहीं, नामकुम थाना के सब इंस्पेक्टर (अवर निरीक्षक) राजीव कुमार को कांके थाना और कांके थाना के अवर निरीक्षक रामेश्वर बारी को मेसरा ओपी में ट्रांसफर किया है। एसएसपी ने रांची के दो पुलिस निरीक्षक, 13 पुलिस अवर निरीक्षक, चार अवर निरीक्षक, 16 सहायक अवर निरीक्षक और तीन मसअनि रैंक के पुलिस कर्मियों का ट्रांसफर किया है। सभी पुलिस कर्मियों को अविलंब योगदान करने को कहा गया है।

## इन पुलिस अधिकारियों की हुई पोस्टिंग

| | |
|---|---|
| जॉन मुर्मू : प्रभारी, रिम्स सुरक्षा | अनिल कुमार सिंह-1 : सदर थाना |
| संजीव कुमार : विशेष अनुसंधान एवं अभियोजन इकाई | भगवान कुमार झा :रातु थाना |
| विजय कुमार-1 : सुखदेवनगर थाना | राम प्रसाद पासवान : अरगोड़ा थाना |
| पृथ्वी सेनदास : जगरनाथपुर थाना | गणेश उरावं : डोरंडा थाना |
| राजनीति पासवान : तुपुदाना ओपी | महेश तिवारी : सुखदेवनगर थाना |
| मनदीप उरांव : सुखदेवनगर थाना | नकुल कुमार महतो : कोतवाली थाना |
| विजय मंडल : हिंदपीढ़ी थाना | रामपति प्रसाद : डोरंडा थाना |
| इंद्रदेव रजक : अरगोड़ा थाना | दिनेश कुमार मंडल : मैक्लुस्कीगंज थाना |
| संगीता कुमारी झा : महिला थाना | आशीष रंजन : बुढ़मू थाना |
| सुहागनी सोरेन : नगड़ी थाना | उमेश मंडल : रातु थाना |
| रवि शंकर : कोतवाली थाना | दानियल सुनील मुर्मू : लालपुर थाना |
| प्रमोद कुमार राय : डोरंडा थाना | श्याम नंदन पासवान : पिठौरिया थाना |
| सूर्यकांत कुमार : लालपुर थाना | कैलाश शमा : अरगोड़ा थाना |
| त्रिपुरारी कुमारी : सदर थाना | मो कमाल : पंडरा ओपी |
| विपुल कुमार ओझा : सुखदेवनगर थाना | उदय शंकर शर्मा : जगरनाथपुर थाना |
| रामेश्वर बारी : मेसरा ओपी | अरविंद कु. त्रिपाठी : जगनाथपुर थाना |
| अमरनाथ कुमार सोनी : बुढ़मू थाना | नाम : पद : नव पदस्थापन |
| विवेकानंद दुबे : लोअर बाजार थाना | सरोजनी कुमारी : जगरनाथपुर थाना |
| राजीव कुमार : कांके थाना | सरोज कुजूर : सदर थाना |
| | पूनम कुमारी : डोरंडा थाना |

# बीएनआर चाणक्य में हुआ बुटिक्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी का शुभारंभ



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के होटल बीएनआर चाणक्य में दो दिवसीय बुटिक्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी के 18वें संस्करण का उद्धघाटन किया गया। उदघाटन मुख्य अतिथि विधायक अम्बा प्रसाद, विशिष्ट अतिथि निकिता साबू (एरिया 16 चेयरपर्सन लेडीज सर्किल इंडिया) और बुटिक्स ऑफ इंडिया के संस्थापक एवं सीईओ संजय अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। प्रदर्शनी में 40 स्टॉल लगाए गए हैं, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों के डिजाइनर ज्वेलरी, कपड़े, घरेलू सजावट उत्पाद, फुटवेयर्स आदि ग्राहकों के लिए उपलब्ध हैं।

इस अवसर पर सीईओ संजय अग्रवाल ने बताया कि ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इस प्रदर्शनी को लेकर आए हैं जिसमें हमारा सहयोग रांची समरिटन्स लेडीज सर्किल 169 कर रहा है। बुटिक्स ऑफ इंडिया इस दो दिवसीय प्रदर्शनी में विशेष रूप से अपने क्यू रेटेड शो को पेश करने जा रहा है जिसमें फैशन, ब्राइडल वियर, होम डेकोर, हैंडलूम, ज्वेलरी, एक्सेसरीज, किड्स वियर के साथ मेन्स वियर शामिल है। यह प्रदर्शनी ग्राहकों के लिए निःशुल्क प्रवेश के साथ सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक खुला रहेगा।

# झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन का आठवां अधिवेशन कल से

**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के आठवां अधिवेशन रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के आतिथ्य में 12- 13 नवंबर को हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन रांची में होगा। मारवाड़ी सम्मेलन अधिवेशन स्वागत समिति के स्वागताध्यक्ष पूर्व सांसद महेश पोद्दार, स्वागत मंत्री ललित कुमार पोद्दार एवं मीडिया संयोजक संजय सर्राफ ने बताया कि सम्मेलन की तैयारी पूरी कर ली गई है। 12 नवंबर को अपराह्न 3:00 बजे मारवाड़ी सम्मेलन कोर कमेटी की बैठक होगी जिसमें संगठन तथा कई मुद्दों पर चर्चा होगी। वहीं 13 नवंबर को उद्घाटन सत्र की शुरूआत पूर्वाहन 10:30 बजे राज्यपाल रमेश बैस करेंगे। साथ ही संकल्प 2022 स्मारिका का विमोचन भी करेंगे। तदुपरांत सम्मेलन के नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल पदभार ग्रहण करेंगे।

## शिक्षकों ने शिबू सोरेन और सुदेश समेत कई विधायकों को सौंपा मांग पत्र

# आंदोलन और 19 नवंबर को सीएम के घेराव कार्यक्रम की दी जानकारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की प्रदेश कार्यसमिति के आह्वान पर आंदोलन के दूसरे चरण में सभी विधायक, सांसद, मंत्री को ज्ञापन देने का कार्य पूरे प्रदेश में चल रहा है। इसी कड़ी में 10 नवंबर को पूर्वी सीएम, पूर्व डिप्टी सीएम सहित कई विधायकों को ज्ञापन सौंपा गया। संघ के सदस्यों ने शिबू सोरेन, सुदेश महतो, शिल्पी नेहा तिर्की, समरी लाल, जोबा मांझी, समीर मोहंती से मिलकर ज्ञापन सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र चौबे के नेतृत्व में शिक्षकों के बृहद समूह ने चार सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। राज्य में शिक्षकों से हो रहे भेदभाव, शोषण और इसके विरोध में जारी संघ के आंदोलन की जानकारी दी। सहयोग की गुहार लगाई।



संघ की ओर से प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र चौबे और मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने सभी नेताओं को बताया कि शिक्षकों से सरकार भेदभाव कर रही है। अन्य कर्मियों को देय एमएसीपी से शिक्षकों को वंचित रखा जा रहा है। छठे वेतनमान में जनवरी, 2006 से उत्क्रमित वेतनमान में शिक्षकों के न्यूनतम आरंभिक वेतन निर्धारण की विसंगति के निराकरण की अनदेखी की जा रही है। शिक्षकों को उनके गृह जिला में स्थानांतरित करने का अवसर देने संबंधी सुस्पष्ट नियमावली अब तक नहीं बनी है। शिक्षकों को अध्यापन से विमुख रखते हुए जबरिया लिपिकीय कार्य करने को विवश किया जा रहा है। गैर शैक्षणिक कार्यों में लगाए रहने की प्रवृति से मुक्ति दिलाने की मांग रखी गई।

# सदर अस्पताल में ₹25 लाख की लगी लेप्रोस्कोपी व लेजर मशीन

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** सदर हॉस्पिटल में गुरुवार को 25 लाख की नई लेप्रोस्कोपी और लेजर मशीन का औपचारिक उद्घाटन किया गया। जीएम सीएमपीडीआई महापात्रा, सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार, डिप्टी सुपरिंटेंडेंट के अलावा सदर के सर्जन भी मौजूद थे। डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने उद्घाटन के बाद मशीन की जानकारी हासिल की। इस दौरान उन्होंने मशीन के मेंटेनेंस के बारे में पूछा। सदर के लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ अजीत ने बताया कि यह मशीन सीएसआर के तहत उपलब्ध कराई गई है। इसके लिए सीएमपीडीआई को धन्यवाद दिया। साथ ही कहा कि इस मशीन का पूरा फायदा इलाज के लिए आने वाले मरीजों को मिलेगा। वहीं लोगों की जेब पर खर्च भी नहीं बढ़ेगा। मौके पर डॉ आरके सिंह, जिला आयुष्मान समन्वयक आशीष व अन्य मौजूद थे।

## सर्ड सभागार में दीनदयाल ग्राम स्वावलंबन योजना का प्रशिक्षण कार्यक्रम

# बाल संरक्षण एवं बाल अधिकार से जुड़े मुद्दों पर हम समाज को जागरूक करें : राजेश्वरी बी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने सर्ड सभागार में गुरुवार को दीनदयाल ग्राम स्वावलम्बन योजना की प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिलाओं से मिलकर उनका उत्साहवर्द्धन किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र एवं राज्य स्तर पर बच्चों के लिए बहुत सारी नीतियों का निर्धारण किया गया है। उन्हीं नीतियों को धरातल पर उतारने के लिए समाज के हर बच्चे को विशेषकर, जरूरतमंद बच्चे को उनके अधिकार के प्रति जागरूक करना ही हमारा कर्तव्य है। प्रशिक्षण का उद्देश्य यह है कि बाल संरक्षण एवं बाल अधिकार से जुड़े मुद्दों पर हम समाज को जागरूक कर सकें और बच्चों के प्रति दायित्वों का निर्वहन नीतिगत सिद्धांतों के मुताबिक कर सकें।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मनरेगा आयुक्त द्वारा मिशन वात्सल्य के मुख्य कार्यों के बारे में बताया गया कि मिशन वात्सल्य के मुख्य कार्यों में संवैधानिक निकायों के कामकाज में सुधार लाना, सेवा प्रदान करने के ढांचे को मजबूत बनाना, संस्थागत देखभाल और सेवाओं के स्तर में वृद्धि करना, गैर-संस्थागत समुदाय आधारित देखभाल को प्रोत्साहित करना, आपात स्थिति में पहुंच, प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मिशन वात्सल्य का लक्ष्य भारत के हर बच्चे के लिए एक स्वस्थ एवं खुशहाल बचपन सुनिश्चित करना, उन्हें अपनी पूर्ण क्षमता का पता लगाने के लिए अवसर प्रदान करना, हर क्षेत्र में विकास के लिए सहायता प्रदान करना, संवेदनशील, समर्थनकारी और समकालिक इको-व्यवस्था स्थापित करना है जिसमें उनका पूर्ण विकास हो। मौके पर मुकेश कुमार, राजीव कुमार रंजन और अनिल यादव के अलावा स्वावलम्बन योजना की कार्यरत स्वावलंबी दीदियां थीं।

**प्रेरक दीदियों ने साझा किए अपने अनुभव :** इस दौरान सखी मण्डल की दीदियों ने बताया कि महिलाएं अब आत्मविश्वास से पूर्ण हैं। दीदियों ने बताया कि अब लोग साफ-सफाई और स्वच्छता के लिए गंभीर दृष्टिकोण अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा में योजनाओं के विषय में व इससे जुड़े लाभ से व्यापक रूप से ग्रामीणों को अवगत कराया जा चुका है। महिलाओं ने अपने अनुभव साझा करने के क्रम में बताया कि गांव के विकास के लिए सरकार द्वारा लायी गयी योजनाओं का सीधा लाभ हमें मिल रहा है। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि अब लोग साफ-सफाई और स्वच्छता के लिए गंभीर दृष्टिकोण अपना रहे हैं। दीदियों ने बताया कि वर्तमान में गांव का हर व्यक्ति प्रगति के लिए तैयार है, जिसमें उन्होंने जागरूक दृष्टिकोण के साथ कार्य करना प्रारम्भ कर दिया है।

# अब भी टिमटिमा रहा उम्मीद का चिराग, धीमी हो रही है रोशनी

**हालात-ए-एचइसी**

**अनिल सिन्हा**

**रांची।** साठ के दशक में जब एचइसी की स्थापना हुई थी, तो वह मदर इंडस्ट्री के नाम से जानी जाती थी। सच भी है, एचइसी ने अपनी स्थापना के साथ मुल्क के कई अन्य इंडस्ट्री की स्थापना में कारगर सपोर्ट किया। आज एचइसी स्वयं अपने अस्तित्व के लिए जद्दोजहद कर रहा है। पूंजी की भारी कमी आ गयी है। कर्मियों का वेतन 08 महीने से और अधिकारियों का वेतन 12 महीने से लंबित है। कर्मियों ने वेतन भुगतान के लिए कई बार आवाज उठायी है। काम रोका गया है पर अब तक कोई नतीजा नहीं निकला है। अब तो अधिकारी वर्ग के लोग भी पैसों के भुगतान के लिए आवाज उठाने लगे हैं। एचइसी मुख्यालय पर प्रदर्शन हो रहा है। कुछ दिनों से न कोई कर्मी, न कोई अधिकारी काम पर जा रहे हैं। अब रोशनी बहुत धीमी हो रही है। तीनों प्लांट में प्रोडक्शन जीरो है। एचइसी घोर आर्थिक संकट से गुजर रहा है। इतनी बड़ी इंडस्ट्री तीन साल से बिना सीएमडी के चल रही है। नलिन सिंघल तीन साल से सीएमडी के प्रभार में हैं और हैरत की बात यह है कि इन तीन साल में सिर्फ तीन बार एचइसी आये हैं। फिलवक्त एचइसी में प्रबंधन में सिर्फ दो अधिकारी हैं। निदेशक कार्मिक एमके सक्सेना और निदेशक उत्पादन सह विपणन डॉ राणा एस चक्रवर्ती। ये दोनों अधिकारी कह रहे हैं कि उनके हाथ में कुछ नहीं है। वहीं हड़ताली अधिकारियों का कहना है कि वे सीएमडी से ही वार्ता करेंगे। वे रोड मैप बतायें, योजना बतायें तभी बात बनेगी। दोनों निदेशक जल्द ही रिटायर होनेवाले हैं। तीन नवंबर से अधिकारियों की हड़ताल के कारण हालात और खराब हो गये हैं। सात नवंबर को सिर्फ एमके सक्सेना वार्ता के लिए आये, पर अधिकारियों ने फिर कहा कि सीएमडी के बिना बात नहीं होगी। ट्रेड यूनियन वाले भी वेतन के भुगतान के लिए आवाज उठा रहे हैं। इतनी तीरगी है, अंधेरा है। यह अंधेरा दिन ब दिन बढ़ता जा रहा है। कोई रास्ता नहीं दिखता। एचइसी घोर माली संकट से गुजर रहा है। यह संकट दिन-ब-दिन बढ़ता ही जा रहा है। वर्क ऑर्डर तो है, पर निर्माण के लिए पूंजी नहीं है। इसके रिवाइवल के लिए भी न कोई प्लान दिखता है और न ही कोई कोशिश। लगभग एक लाख लोग अब भी अपनी जीविका के लिए एचइसी पर मुनहसिर हैं। कभी हिंदुस्तान की शान रहे, एचइसी को बचाना निहायत जरूरी है।

# संचार के दौरान अस्तित्व में आ जाती है भाषा : डॉ गौतम

## डीएसपीएमयू में जनजातीय भाषाओं और हिंदी-उर्दू के बीच संबंध विषय पर आधारित एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड की जनजातीय भाषाओं और हिंदी, उर्दू के बीच संबंध विषय पर आधारित एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन गुरुवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के सभागार में किया गया।



झारखंड की जनजातीय भाषाओं का ऐतिहासिक संबंध, हिंदी और उर्दू जैसे भाषाओं से रहा है। इसी विषय पर व्याख्यान देने के लिए नीदरलैंड से प्रो डॉ. मोहन कांत गौतम, चांसलर, यूरोपियन यूनिवर्सिटीज ऑफ वेस्ट एंड ईस्ट एंड कर्न इंस्टीट्यूट ऑफ साउथ एशियन स्टडीज, इस संगोष्ठी में पहुंचे थे। मुख्य वक्ता डॉ मोहन कांत गौतम ने कहा कि भाषा बनाई नहीं जाती, भाषा संचार के दौरान अस्तित्व में आ जाती है। किसी भाषा का व्यकारण और शब्दकोश तो हमारे पास होता है पर इसका उपयोग हमारी संस्कृति को दर्शाता है।

इससे पूर्व संगोष्ठी में शामिल अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ और शॉल से सम्मानित कर किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि मातृभाषा केवल संवाद के लिए नहीं, बल्कि सांस्कृतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। वर्तमान में पूरे देश में जनजातीय भाषा का संवर्धन आवश्यक है। 6700 भाषाओं में से 40 प्रतिशत भाषाएं विलुप्ति के कगार पर है। उर्दू और हिंदी दोनों एक ही भाषा थी, लेकिन उनमें अलगाव लाया गया। आज बड़ी भाषा छोटी भाषाओं के अस्तित्व पर सवाल खड़ा कर रही है। मानवशास्त्री एवं पूर्व में कुलपति रहे डॉ सत्यनारायण मुंडा ने कहा कि वर्तमान में अलग अलग तरीके से रीति रिवाज है जो स्थान के अनुसार भिन्न है। झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार, मधुकर ने अपने बातों की शुरुआत कबीर की पंक्ति से की। उन्होंने बताया की भाषा का जन्म सांकेतिक भाषा के रूप में हुआ था। उन्होंने हिंदी और उर्दू को दो बहनों के समान बताया। उन्होंने कहा की भाषा के निम्नीकरण के लिए बाजार, राजनीति और हम लोग कहीं न कहीं जिम्मेदार हैं। हिंदी और उर्दू किसी दुल्हन की दो आंखों के समान है। एक के नहीं रहने पर वह अधूरी होगी। यह कहना था, डॉ मोहम्मद अयूब का जो उर्दू और मास कॉम विभाग के निदेशक है। इसके अलावा दीपक बाड़ा ने भी अपने विचार व्यक्त किये। धन्यवाद विकास शर्मा ने किया।

### खगोल और ज्योतिष शास्त्र एक दूसरे के पर्याय : डॉ पाठक

**रांची।** गुरुवार को ज्योतिर्विज्ञान विभाग में खगोल शास्त्र का ज्योतिषीय अध्ययन विषय पर एकदिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के व्याख्याता डॉ गोपाल पाठक कर खेडकर थे। उन्होंने बताया कि खगोल शास्त्र एवं ज्योतिष शास्त्र दोनों एक दूसरे के पर्याय हैं। भारतवर्ष के प्राचीन ज्योतिर्विद् विद्वानों ने खगोल शास्त्र पर अनेक कार्य किए हैं। इनमें भास्कराचार्य, आर्यभप्त, बापू देव शास्त्री, कमलाकर भप्त, महर्षि लगध आदि प्रमुख हैं। हजारों वर्ष पहले आकाश मंडल में होने वाली घटनाओं से पड़ने वाले प्रभावों का खोज किये हैं। वैदिक गणित से काल को जान सकते हैं। विभाग के को-ऑर्डिनेटर डॉ प्रकाश सिंह ने कहा कि आने वाले समय में वैदिक गणित को जानना आवश्यक होगा। इसके अलावा विभाग के शिक्षक डॉ धीरेंद्र दुबे, निदेशक प्रोफेसर अर्चना कुमारी दुबे, डॉ मधुलिका वर्मा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ एस के घोषाल व धन्यवाद ज्ञापन डॉ चंद्रशेखर मिश्र ने किया।

## एक नजर में

### स्कूली छात्रों ने ली पर्यावरण संरक्षण की शपथ

**रांची।** नगर निगम, मारवाड़ी कॉलेज एलुमुनाई एसोसिएशन एवं स्नेह फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से गुरुवार को हरमू रोड के एस्कोट इंटरनेशनल स्कूल में पर्यावरण संरक्षण अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें छात्र- छात्राओं के बीच सैकड़ों पौधे बांटे गये। मौके पर मुख्य रूप से सामाजिक संस्था स्नेह फाउंडेशन के आशुतोष द्विवेदी, राजीव रंजन, एलुमनाई एसोसिएशन मारवाड़ी कॉलेज के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, राजीव कुमार, रजत आनंद,गायक स्कूल के प्राचार्य सदाम आलम, स्कूल के निदेशक कुणाल कश्यप, स्कूल के अध्यक्ष हिमांशु दुबे, सचिव अनुज कशयप आदि कई लोग मौजूद थे।



### पंजाबी हिंदू बिरादरी के अध्यक्ष आज जायेंगे छत्तीसगढ़

**रांची।** छत्तीसगढ़ पंजाबी समाज के 12 एवं 13 नवंबर को रायपुर में आयोजित होने वाले वैवाहिक परिचय सम्मेलन में शामिल होने के लिए पंजाबी हिंदू बिरादरी के अध्यक्ष राजेश खन्ना, श्रीमती बबिता खन्ना, सुधीर उग्गल, रणदीप आनंद एवं विनोद माकन शुक्रवार को रवाना होंगे। यह जानकारी देते हुए बिरादरी के प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी अरुण चावला ने बताया कि रायपुर के पंजाब केसरी भवन में दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस सम्मेलन के लिए बिरादरी में 92 लड़कों एवं 50 लड़कियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है, जिनका विस्तृत विवरण इस सम्मेलन में दिया जायेगा।

### वार्ड 41 व 42 में 923 मामलों का निबटारा

**रांची।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गुरुवार को रांची नगर निगम ने वार्ड 41 तथा वार्ड 42 में शिविर आयोजित कर स्थानीय लोगों को निगम द्वारा प्रदत सेवाओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही उक्त दोनों वार्ड के स्थानीय लोगों से आवेदन भी प्राप्त किए जा रहे है। आज के इस शिविर में वार्ड 41 में कुल 829 तथा वार्ड 42 में कुल 94 मामलों का निबटारा वार्ड स्तर पर किया गया। निगम प्रतिदिन इस तरह दो वार्डों में शिविर आायोजित कर लोगों को निगम द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं की जानकारी देने का काम कर रही है साथ ही नागरिकों को यह भी बताया जा रहा है कि वे उन योजनाओं का लाभ कैसे ले सकते है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को वार्ड 43 व वार्ड 44 में शिविर आयोजित किया जाएगा।

### उवि चिलदाग में मतदाता जागरूकता रैली

**रांची।** लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए नव मतदाताओं में उत्साह जगाने एवं अन्य मतदाताओं की सहभागिता बढ़ाने को मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। साइकिल रैली में विद्यालय के वरिष्ठ वर्ग के लगभग 152 बच्चों ने भाग लिया। प्रभारी प्रधानाध्यापिका संगीता कुमारी रवि ने झंडा दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली का नेतृत्व शिक्षक विवेक उपाध्याय, होलिका महतो, कामेश्वर सिन्हा, रतनी तिर्की, श्रेया कुमारी और ज्वेल एकका एवं बाल सांसदों ने किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी कार्यालय से एडीएम एवं अनगड़ा प्रखंड से कई पदाधिकारी उपस्थित थे। प्रभारी प्राचार्या संगीता रवि ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जब भी मतदान हो तो सही और मनपसंद अभयर्थियों को चुनने के लिए सभी योग्य मतदाताओं को मतदान अवश्य करना चाहिए।



### हेल्थ कैंप में 400 से अधिक ने कराया इलाज

**रांची।** युवा एकता मंच एवं 21 सामाजिक संगठनों के संयुक्त तत्वाधान में गुरुवार को हिंदपीड़ी वार्ड 23 में मदीना मस्जिद भट्ठी चौक के चाला भवन मे निःशुल्क हेल्थ कैंप आयोजित किया गया। कैंप में रांची कैंसर केयर फाउंडेशन तथा श्रेष्ठ नेत्र चिकित्सालय के सुप्रसिद्ध चिकित्सकों के द्वारा लोगों का निशुल्क इलाज किया गया है। जिसमें ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, हेपेटाइटिस, ओरल, ब्रेस्ट कैंसर, सर्वाइकल कैंसर श्री स्क्रीनिंग जैसे गंभीर बीमारियों वाले मरीजों का इलाज किया गया। शिविर में रांची कैंसर केयर फाउंडेशन के डॉ अपर्णा डे, डॉ प्रियम, अवध कुमार, पंकज कुमार,अभिषेक कुमार, दया, भानु ने गंभीरतापूर्वक इलाज किया। वहीं गणेश नेत्रालय की डॉ प्रियंका, डॉ इरशाद अंसारी, श्यामल चटर्जी ने नेत्र संबंधित रोगी की मशीन से जांच की। शिविर में 400 से अधिक लोगों ने अपनी जांच करायी और चिकित्सकों से आवश्यक चिकित्सीय परामर्श व दवा प्राप्त किया।

### स्थिरता एचआर मैनेजर की सफलता की कुंजी

**रांची।** जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआईएसएस) रांची के ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंमट (एचआरएम) प्रोग्राम के तत्वावधान में इंस्टीट्यूट के फादर माइकल वैन डेन बोगर्ट ऑडिटोरियम में विशेष प्रोग्राम के तहत एचआरएम व मार्केटिंग मैनेजमेंट प्रोग्राम के स्टूडेंट्स के लिए मारुति सुजुकी इंडिया लि. के सीएचआरओ सलिल लाल ने एक लीडरशिप टॉक दिया। एक्सआईएसएस के सम्मानित पूर्ववर्ती छात्र रहे सलिल लाल ने गुरुवार को लगभग 200 छात्रों के साथ अपने कार्य अनुभव और उल्लेखनीय जीवन यात्रा साझा की। कहा कि वर्तमान समय में प्रत्येक एचआर मैनेजर के पास तीन महत्वपूर्ण सी होने जरुरी है । जिसमें प्रथम सी कॉनविक्शन (दृढ विश्वास), दूसरा सी कम्पलिटनेस (पूर्णता) और तीसरा तथा अंतिम सी कैरेक्टर (चरित्र या आचरण) है। प्रत्येक स्टूडेंट को अपने जीवन के लक्ष्य को अभी नेविगेट करना चाहिए, कि वे भविष्य में खुद को कैसे देखना चाहते हैं, और हमेशा अपने लक्ष्यों की स्पष्टता रखें। उन्होंने मारुति सुजुकी की विकास योजनाओं, औद्योगिक संबंधों की बदलती गतिशीलता, मारुति द्वारा नीतिगत हस्तक्षेप, अनुशासन के महत्व और पेशेवर जीवन में योजना के बारे में भी चर्चा की।

### कॉरपोरेट राजनीति के खिलाफ तेज होगा संघर्ष : डिमरी

**रांची।** एक्टू के राष्ट्रीय महासचिव राजीव डिमरी ने कहा कि केंद्र सरकार कामगार के हितों के अनुरूप काम करने के बजाये मजदूर विरोधी नीति लागू कर रही है। श्री डिमरी गुरूवार को निर्माण मजदूरों के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की सांप्रदायिक विभाजन की नीति के खिलाफ मजदूर वर्ग की एकजुता की गारंटी करनी होगी। उन्होंने कहा कि मजदूरों की यह दुर्दशा राजनीतिक कारणों से बढ़ी है। इसके समाधान के लिए मजदूरों को कम्पनी राज के खिलाफ संघर्ष तेज करना होगा।

एक्टू के राष्ट्रीय अध्यक्ष वी शंकर ने कहा कि मजदूरों को भी राष्ट्रीय स्तर पर मजदूरों का मोर्चा बनाना होगा। एचईसी की दुर्दशा देश की सार्वजानिक क्षेत्रों की हालत को समझना के लिए काफी है। निर्माण फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव एस के शर्मा ने कहा कि अर्थव्यवस्था में महत्त्वपूर्ण योगदान के बाबजूद भी मजदूरों का विकास अवरुद्ध है। कल्याण बोर्ड मजदूरों की कल्याण के बजाए बिचौलियों और दलालों क भेंट चढ़ गई है। कंपनियों की कमाई सुनिश्चित करने के लागातार नई नीतियां बनाकर मजदूरों के अधिकारों पर हमला जारी है। देश के 100 जिलों से आये मजदूर प्रतिनिधियों को अगुवा कार्यकताओं मजदूरों की हालात को बदलने की चुनौती को कबूल करना होगा। आरएन ठाकुर कार्यशाला का विषय प्रवेष कराया। इस अवसर पर यूपी झारखंड, बिहार, उड़ीसा, बंगाल, तमिलनाडू समेत 18 राज्यों के निर्माण मजदूर यूनियन के नेता शामिल रहे । कार्यशाला में बाला सुब्रशण्यम, महेन्द्र परिदा,आर पी सिंह, वीके एस गोतम, पुरोषोत्तम सिंह, सुभाष मंडल, किशोर सरकार, मुकेश मुक्त, सौरभ नोरूका, तुलसीराणा, भीम साहू आदि ने संबोधित किया। मौके पर सुनीता, भुनेश्वर केवट एवं भुनेशर बेदिया मुख्य रुप से शामिल थे।

# आरडीसीआइएस में मना गुणवत्ता दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** विश्व गुणवत्ता दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर फॉर आयरन एंड स्टील, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल), रांची में एक समारोह आयोजित किया गया। गुणवत्ता को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए नवंबर के दूसरे गुरुवार को विश्व गुणवत्ता दिवस मनाया जाता है।



गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता के प्रतीक के रूप में एन बनर्जी, कार्यकारी निदेशक (आरडीसीआइएस), ए चक्रवर्ती, कार्यकारी निदेशक (एसएसओ) और पी. पाठक, मुख्य महाप्रबंधक (आरटी) द्वारा गुणवत्ता ध्वज फहराया गया। श्री बनर्जी ने आरडीसीआइएस और एसएसओ के सभी कर्मचारियों को गुणवत्ता की शपथ दिलायी। पी. पाठक ने आरडीसीआइएस की गुणवत्ता नीति और गुणवत्ता उद्देश्यों को पढ़ा। श्री बनर्जी ने हमारे जीवन और कार्य के सभी पहलुओं में गुणवत्ता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने दशकों पहले ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग में गुणवत्ता हासिल करने में जापानियों के सफल उदाहरण का हवाला दिया। उन्होंने गुणवत्ता के प्रयास में सभी को शामिल करने की आश्यकता पर भी बल दिया और प्रतिस्पर्धी बाजार परिदृश्य के आलोक में आत्मसंतुष्टि के प्रति सचेत किया।

### टेट सफल सहायक अध्यापक संघ की रांची कमेटी गठित

**रांची।** टेट सफल सहायक अध्यापक संघ की बैठक प्रभात तारा मैदान में गुरुवार को हुई। इसमें देवेश मिश्रा की अध्यक्षता में रांची जिला कमिटी का गठन किया गया। नयी कमेटी में तरणी महतो को अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं कंचन कुमारी को सचिव। इसी प्रकार उपाध्यक्ष अजय कुण साहु को, कोषाध्यक्ष प्रभु लोहरा को, प्रवक्ता शनिफ अंसारी को और संरक्षक रामदयाल महतो एवं देवेश मिश्रा को चुना गया है। साथ ही आठ सदस्यीय जिला कार्यकारणी सदस्य के रुप में चयन किया है। बैठक में राज्य इकाई वार्ताकमिटी सदस्य मीना कुमारी कोर कमिटि सदस्य राजकिशोर महतो, जयमंगल उरांव, शशिकात महतो, इश्मे आजम, एतवा लाल मुंडा, विष्णु यादव , रविन्द्र ठाकुर , सतीश कच्छप , रमेश उरॉव नरेशचन्द्र महतो , चैतन हजाम, विमल कुमार , अरुण महतो , सहदेव महली प्रकाश मुण्डा ,कामेश्वर मुंडा , रविन्द्र गोप इत्यादि मौजूद थे।

## सीएमपीडीआई में अंतर क्षेत्रीय संस्थान सांस्कृतिक प्रतियोगिता

# प्रतिभागियों ने दी एक से बढ़ कर एक प्रस्तुति

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएमपीडीआई के मयूरी हॉल में तीन-दिवसीय अंतर क्षेत्रीय संस्थान सांस्कृतिक प्रतियोगिता-2022-23 चल रही है। इसके दूसरे दिन क्षेत्रीय संस्थान-1 (आसनसोल) के आनंद शेखर, मुख्यालय के कुमार शशि भूषण और क्षेत्रीय संस्थान-3 (रांची) के अभिषेक मुखोपाध्याय ने गजल पेश किए। क्षेत्रीय संस्थान-1 (आसनसोल) के बिपिन रॉय, क्षेत्रीय संस्थान-3 (रांची) के देबाब्रता डे एवं अरिजित साहा ने रब्रीन्द्र संगीत की प्रस्तुति दी। क्षेत्रीय संस्थान-3 (रांची) के अरिजित साहा, मुख्यालय (रांची) की श्रीमती अन्वेषा दास एवं क्षेत्रीय संस्थान-1 (आसनसोल) के सुमंतो गांगुली ने नजरूल गीत की प्रस्तुति दी।



मुख्यालय (रांची) के अभिषेक कुमार, क्षेत्रीय संस्थान-3 (रांची) की श्रीमती सुपर्णा वर्मा एवं क्षेत्रीय संस्थान-1 (आसनसोल) के सुजित कुमार डे ने ठुमरी पेश किए। क्षेत्रीय संस्थान-1 (आसनसोल) के बिपिन रॉय, मुख्यालय (रांची) के रितेश टोप्पो, क्षेत्रीय संस्थान-3 (रांची) के अभिषेक मुखोपाध्याय और उत्पल सरकार ने लोकगीत पेश किया। क्षेत्रीय संस्थान-1 (आसनसोल) के आनंद सरकार और क्षेत्रीय संस्थान-3 (रांची) के देबाब्रत डे ने ख्याल राग पर आधारित गायन किया। इसके अलावा सुपर्णा वर्मा एवं अभिलाष दास द्वारा ध्रपद/धुमर, श्रीमती दीपान्विता बिन द्वारा भरत नाट्यम, सैकत मुखर्जी द्वारा मणिपुरी नृत्य, इपशिता चटर्जी द्वारा ओडिशी नृत्य, श्रीमती सोनिया दास द्वारा कथक नृत्य, दिलीप शिल द्वारा वायलिन, सुजित कुमार डे एवं कुमार शशि भूषण द्वारा तबला वादन प्रस्तुत किया गया।

# 650 बच्चों ने दिखायी प्रतिभा

**डॉक्स प्रतियोगिता में संत जेवियर्स स्कूल डोरंडा प्रथम, डीपीएस द्वितीय व सुरेन्द्रनाथ सेंटेनरी स्कूल तीसरे स्थान पर**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** संत जेवियर्स स्कूल डोरंडा के पूर्ववर्ती छात्रों की संस्था, डोरंडा ओल्ड जवेरियंस (डॉक्स) के द्वारा गुरुवार को संत जेवियर्स स्कूल परिसर में अन्तर स्कूल को-करीकुलर प्रतियोगिता का आयोजन किया।



प्रतियोगिता में 30 स्कूल से 650 बच्चों ने हिस्सा लिया। निर्णायक मंडली के अनुसार इस प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर सुरेन्द्रनाथ सेंटेनरी स्कूल रही। दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीऐस) दूसरे स्थान पर और संत जेवियर्स स्कूल डोरंडा प्रथम स्थान पर रहा। बताते चलें कि डॉक्स पिछले 15 साल से इस प्रतियोगिता का आयोजन कर रहे हैं। कुल 37 अलग अलग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन के प्रभारी राहुल भाटिया एवं संजय पटेल थे। इस अवसर पर संत जेवियर्स स्कूल डोरंडा के वाईस प्रिंसिपल फादर फूलदेव सोरेंग एवं फादर रोशन बागे उपस्थित रहे। डॉक्स के सचिव श्री उत्सव पराशर ने मंच का संचालन किया।कार्यकारिणी समिति से विशाल पाटोदिया, निश्चित चोपड़ा, अतुल अग्रवाल एवं दीपक गारोडिया उपस्थित थे। आयोजन समिति में विपुल अग्रवाल, अर्नब भट्टाचार्य, हर्ष वशिष्ठ, सिद्धार्थ बजाज, अपूर्व झा, शिवम कुमार, अल्ताफ, अक्षत आनंद, आमिर, आयुष बुधिया, हर्षित गारोडिया, विवियन, शम्स, राज पूर्वी, अपूर्व हर्ष, हिमांशु पोद्दार, हर्षित एवं हिमांशु चितलांगिया उपस्थित थे। इस अवसर पर डॉक्स के पूर्व अध्यक्ष श्री बरुन बासु, श्री शिवेंद्र मोहन शर्मा एवं श्री विशाल जैन भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

### लोयला ट्रेनिंग सेंटर में सांस्कृतिक मेला 13 को

**रांची।** मौलाना आजाद ह्यूमन इनिशिएटिव ( माही)के द्वारा पोस्टर अभियान की शुरुआत कर मौलाना आजाद के विचारों को प्रचारित प्रसारित करने का कार्य शुरु कर दिया गया है। मौलाना आजाद के वह विचार जिसमें सामाजिक समरसता, शिक्षा, सांस्कृतिक की बात की थी उस को बढ़ावा दिया जा रहा है। उक्त बातें माही के संयोजक इबरार अहमद ने कहीं। उन्होंने कहा कि 13 को मौलाना आजाद के उसूलों को लेकर शिक्षा और सांस्कृतिक मेला लगाया जाएगा। उस मेले का उद्घाटन झारखंड विधानसभा के स्पीकर करेंगे। और मुख्य अतिथि झारखंड कल्याण मंत्री हाफिजउल हसन और मिथिलेश ठाकुर होंगे। आज रांची शहर के चौक चौराहों पर बैनर पोस्टर लगाए गए हैं। 11 से 13 नवंबर को जो मौलाना आजाद के 134 वें जयंती के अवसर पर शिक्षा व सांस्कृतिक अभियान का आयोजन किया जा रहा है उसका समापन किया जाएगा।

# रांची में जूनियर नेशनल थ्रो बॉल प्रतियोगिता 27 दिसंबर से

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड राज्य थ्रोबॉल संघ की मेजबानी में 27 से 29 दिसंबर तक रांची में 32वीं जूनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसके सफल आयोजन को लेकर गुरुवार को आयोजन समिति की समीक्षात्मक बैठक हुई। इसमें आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। थ्रोबॉल प्रतियोगिता के आयोजन सचिव आलोक दुबे ने कहा कि झारखंड में पहली बार राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है।



इसमें कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक के करीब 25 प्रदेशों ने अपनी सहभागिता की सहमति दे दी है। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता के माध्यम से हम एक-दूसरे की संस्कृति, रहन-सहन, आपसी मेल जोल को साझा करते हैं। यह राज्य हमेशा से ही स्पोर्ट्स के क्षेत्र में देश और दुनिया में अपनी मजबूती दर्ज कराता रहा है। थ्रोबॉल में भी झारखंड अपना परचम लहराएगा। इतने बड़े आयोजन में सरकार की सहभागिता अतिआवश्यक है। बैठक में मुख्य रूप से डॉ. राजेश गुप्ता, आलोक कुमार दुबे, विजेता वर्मा, लाल किशोर नाथ शाहदेव, नगीना कुमार, सोनू सिंह, नीरज वर्मा, अमित कुमार, नीतीश सिंह, राहुल पांडे, आशुतोष कुमार, प्रशांत पाठक, अमरदीप कुमार, सुमित कुमार, जेबा परवीन, सरस्वती उरांव आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### मौलाना आजाद बैडमिंटन टूर्नामेंट -02 आज से

**रांची।** मौलाना आजाद डे के अवसर पर शुक्रवार से मॉर्निंग ग्रुप राँची के ओर से मौलाना आजाद कप बैडमिंटन टूनामेंट-02 का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार से शुरु इस दस दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का समापन 20 नवम्बर को होगा। इस बार टूर्नामेंट में 10 टीमों की जोड़ी भाग ले रही है। टीम को दो ग्रुप में बांटा गया है। टूर्नामेंट का ओपनिंग मैचसुबह 07 बजे से जीईएल चर्च काम्प्लेक्स मेन रोड में होगा। जिसमें डॉ शेरान अली व मो परवेज का मुकाबला मो कफील खान वमो इमरान की जोड़ी से होगा जबकि दूसरे मैच में मो मीर,मो मुस्तकीम की जोड़ी का मुकाबला मो मिमशाद,मो सरफुद्दीन की जोड़ी के साथ होगा।

# इंटर स्कूल हिंदी प्रतियोगिता में जेवीएम का अभिनव प्रथम

## डीपीएस की अवंतिका सेकेंड और जिया थर्ड

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अंतर्राष्ट्रीय पुस्तकालय एवं सांस्कृतिक केंद्र में बुधवार को कक्षा 6-8 के लिए इंटर स्कूल हिंदी पाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई। 1995 में ब्रिटिश लाइब्रेरी से आईएलसीसी में संक्रमण के बाद से आईएलसीसी में इंटरस्कूल प्रतियोगिता एक नियमित विशेषता बन गई है। छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों द्वारा समान रूप से उत्सुकता से इसका इंतजार किया जाता है। युवा छात्रों को अपने कौशल को प्रदर्शित करने और सुधारने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान किया जाता है। बच्चे दूसरे स्कूलों के अपने साथियों के साथ बातचीत करते हैं और उनसे सीखते भी हैं। इससे व्यक्तित्व का विकास होता है। कोविड के कारण दो साल का ब्रेक था लेकिन सौभाग्य से आईएलसीसी सांस्कृतिक समिति ने इन प्रतियोगिताओं को फिर से आयोजित करना शुरू कर दिया है।



इंटर स्कूल हिंदी पाठ प्रतियोगिता कक्षा 6-8 के लिए खुली थी। विषय था नवरस। छात्रों को 9 रस (करुण, वीर्य, रौद्र, विभात्स, भय, शांत, वात्सल्य, भक्ति, श्रृंगार) में से एक का चयन करना था और चयनित रस पर आधारित एक कविता / गद्य का पाठ करना था। कार्यक्रम का संचालन आईएलसीसी की सांस्कृतिक सचिव रेखा मिश्रा ने किया। यह आईएलसीसी सांस्कृतिक समिति द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमें निवेदिता शर्मा, ज्योति बजाज, अंचला सिंह, प्रकृति जेराथ, वंदना मोदी, स्मिता खेमका, सोनिका मुंजाल और सरोज भगत शामिल हैं। निर्णायक मंडली में मंजू सिंह और डॉ निखिल चंद्र दास थे। वहीं, भाग लेने वाले स्कूलों में सरला बिड़ला, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, सेंट फ्रांसिस स्कूल, ब्रिजफोर्ड पब्लिक स्कूल, सचिदानंद ज्ञान भारती, शारदा ग्लोबल स्कूल, कैराली स्कूल, सुरेंद्रनाथ सेंटेनरी स्कूल, सेंट थॉमस, सेफायर इंटरनेशनल स्कूल, डीएवी गांधीनगर, डीएवी बरियातू, फिरायालाल पब्लिक स्कूल, जेवीएम श्यामली और डीपीएस जैसे स्कूल शामिल थे।

**परिणामः** पहला पुरस्कारः अभिनव कुमार (जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली)।

**दूसरा पुरस्कारः** अवंतिका (दिल्ली पब्लिक स्कूल) ।

**तीसरा पुरस्कारः** जिया गोस्वामी (दिल्ली पब्लिक स्कूल)।

# जन विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकें: बाबूलाल मरांडी

## प्रखंड मुख्यालय पर भाजपा का प्रदर्शन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कांके।** कांके प्रखंड सह अंचल मुख्यालय में हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ का नारा लगाते हुए जुलुस के रूप में ब्लॉक चौक से सैकड़ों की संख्या में आए भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यालय में धरना प्रदर्शन किया। कांके मंडल भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित इस धरना प्रदर्शन का नेतृत्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल महतो टाइगर कर रहे थे। धरना को संबोधित करते भाजपा विधायक दल के नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भ्रष्टाचारी और जनविरोधी सरकार को उखाड़ फेंके भाजपा कार्यकर्ता। झारखंड में जिस तरह से आज राशन की कालाबाजारी हो रही हैए जमीन के म्युटेशन में धांधली हो रही है भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है यह राज्य की वर्तमान सरकार की विफलता को दर्शाता है। ट्रांसफर पोस्टिंग का एक बड़ा उद्योग राज्य में बना दिया गया है। हेमंत सरकार को जनहित और समाज कल्याण के नाम पर सिर्फ वाहवाही लूटना है। धरातल पर जाकर देखे तो जनता परेशान है। अंचलो एवं प्रखंडो से लेकर मुख्यमंत्री सचिवालय तक हर तरफ भ्रष्टाचार और लूट मची हुई है। यह अपराधी प्रेमी और जनविरोधी सरकार है। धरना प्रदर्शन को भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं ने भी संबोधित किया। इस सरकार विरोधी धरना प्रदर्शन में विधायक समरी लाल पूर्व विधायक रामचंद्र नायक, भाजपा एससी मोर्चा के सीताराम रवि भाजपा नेता प्रभात भूषण महतो दीपक महतो राम लखन मुंडा सहित सैकड़ों महिलाएं और कार्यकर्ता शामिल हुए।

### चान्हो प्रखंड मुख्यालय पर भाजपा का प्रदर्शन

**चान्हो।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय परिसर में झारखंड सरकार की जनविरोधी नीति राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचारए बिगड़ती कानून व्यवस्था सहित अन्य मुद्दों को लेकर आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान राज्य में खनिज संसाधनों की लूट, राज्य में व्याप्त भय व भ्रष्टाचार तथा तुष्टिकरण की नीति के विरोध में झारखंड सरकार के विरुद्ध जम कर नारेबाजी की गयी। इससे पहले आक्रोश मार्च निकाला गया। मौके पर अजजा मोर्चा के प्रदेश प्रभारी रामकुमार पाहन, कार्यक्रम प्रभारी सतीश कुमार, मंडल प्रभारी मुकेश प्रसाद, कैलाश गुप्ता, मदन साहू, सालिकराम पांडे, जितवाहन उरांव, सुनीता कच्छप, सुशीला कुमारी, प्रदीप महली, अमरनाथ महतो, सफीक आलम सहित अन्य मौजूद थे।

### तमाड़ प्रखंड मुख्यालय पर भाजपा का धरना



**तमाड़।** अड़की प्रखंड में भारतीय जनता पार्टी अड़की मंडल द्वारा हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन रैली अड़की बिरसा मुंडा चौक से नारेबाजी करते हुए प्रखंड मुख्यालय तक किया गया। उसके बाद प्रखंड परिसर में सभा किया गया। सभा की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मोती पातर सभा का संचालन भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा खूंटी जिला अध्यक्ष संजय मुंडा के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा खूंटी जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ताए प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष जायसवालए भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रीता मुंडा, जिला महामंत्री शशांक राय परता मुंडा, सांसद प्रतिनिधि अनूप कुमार साहू, सागर मुंडा, राम सिंह मुंडा, शिवचरण मुंडा, चेतन पुराण, सैनाथ मुंडा, चितरंजन मुंडा, इंद्रजीत मुंडा, रामकृष्ण मुंडा, संभल मुंडा, रोहिणी देवी, कौशल्या देवी, बारी देवी आदि उपस्थित थे। सभा के बाद राज्यपाल के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया।

## स्पीड न्यूज

### समाजसेवी के निधन पर शोक

**ठाकुरगांव।** कांके प्रखंड के उरुगुटू गांव निवासी समाजसेवी महेंद्र मुंडा 50 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। जानकारी के अनुसार मृतक लगभग तीन महीने से गंभीर बीमारी से ग्रसित थे। उनके निधन पर सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहु, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, विधायक समरीलाल, पंसस तारा देवी, भुनेश्वर साहु, जनार्दन साहु, कृष्णकांत गिरि, सुभाष पूरी, पंकज सिंह, संदीप साहु आदि ने गहरा दु:ख प्रकट किया है।

### मौलाना आजाद कॉलोनी से नाबालिग लापता कोलकाता से बरामद

**नामकुम।** सोमवार रात को थाना क्षेत्र के मौलाना आजाद कॉलोनी गली नंबर 15 से गुमशुदा नाबालिग को नामकुम पुलिस ने कोलकाता से बरामद कर लिया है। थानेदार सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि बुधवार को नाबालिग के परिजनों के द्वारा उसकी गुमषुदगी का सन्हा दर्ज कराया गया था। जिसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए नाबालिग का काल डिटेल निकाला और लोकेशन कोलकाता मिलने पर पुलिस कोलकाता गयी और वहां स्थानीय पुलिस के सहयोग से नाबालिग को बरामद कर लिया। गुरूवार सुबह पुलिस ने नाबालिग को उसके परिजनों को सौंप दिया। परिजनो ने पुलिस को धन्यवाद देते हुए राहत की सांस ली।

### कला उत्सव में राहे की अमृता कुमारी उत्कृष्ट गायक



**राहे।** जिला स्तरीय कला उत्सव 2022 का आयोजन रांची के जेवीएम श्यामली में आयोजित हुआ। जिसमें प्रथम दिन गीत संगीत का आयोजन हुआ। लोक गायन में झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय ए राहे की कक्षा 9 वीं छात्रा रामडेराए कोंचाटोली निवासी अमृता कुमारी को प्रथम स्थान मिला । इस प्रतियोगिता की कठिनता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि सरकारी विद्यालयों के साथ साथ इसमें राजधानी के प्रतिष्ठित निजी विद्यालय डीपीएस एजेवीएम और जेवियर ग्रुप के विद्यालय भी शामिल थे । अमृता कुमारी अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में रांची जिला का प्रतिनिधित्व करेगी । रांची जिला में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर वार्डेन परमेश्वरी कुमारी ए शिक्षिका बिमला बाला और लेखापाल सौरभ कुमार सिंह ने बधाई दी है ।

### सड़क दुर्घटना में राजमिस्त्री की मौत



**राहे।** ओपी क्षेत्र के झरिया बांध के समीप मोटरसाइकिल ओर ट्रैक्टर में टक्कर से मोटरसाइकिल सवार नवागांव निवासी 52 वर्षीय राजमिस्त्री परमानन्द महतो का मौत हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार बुधवार शाम 7 बजे के आसपास झरिया के समीप मोटरसाइकिल से जा रहा राजमिस्त्री का टक्कर एक ट्रैक्टर से हो गया। टक्कर से राजमिस्त्री परमानन्द गम्भीर रूप में घायल हुआ। घायलावस्था में सिंगपुर अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गया है।

### लोवाडीह के सुशीला एन्क्लेव से स्कूटी की चोरी,मामला दर्ज

**नामकुम।** सुशीला एन्क्लेव लोवाडिह के रहनेवाले संतोस कुमार ने नामकुम थाने में अज्ञात व्यक्ति द्वारा स्कुटी चोरी कर लेने का मामला दर्ज कराया है। नामकुम पुलिस को दिए गए आवेदन में संतोस ने बताया है कि वह छह नवंबर की रात लगभग नौ बजे अपार्टमेंट की पार्किंग में अपनी स्कूटी संख्या जेएच01बीके 5294 को पार्क कर अपने फलैट में चला गया। सुबह सात बजे जब काम पड़ने पर पार्किंग में स्कुटी लेने गया तो स्कूटी गायब थी। उस दौरान सीसीटीवी फुटेज में देखने पर अज्ञात युवक स्कूटी चोरी कर जाते दिख रहा है। थानेदार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी हैं।

# नगड़ी: कबाड़ी दुकान में पड़ा छापा, दो गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी थाना क्षेत्र के नयासराय गांव में एक कबाड़ी दुकान में नगड़ी पुलिस ने छापामारी कर चोरी के माल सहित दो लोगों को पकड़ा। नगड़ी पुलिस को नयासराय में एक कबाड़ी दुकान दार अली रजा के यहां एक ट्रक चोरी का बिकने के लिए लाए जाने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही नगड़ी थाना प्रभारी ओमप्रकाश टोप्पो के नेतृत्व में नगड़ी पुलिस ने अली रजा के यहां छापे मारी की । मौके पर ट्रक बेचने पहुंचे चान्हो के चोरेया निवासी तस्लीम अंसारी को भी गिरफ्तार कर लिया। छानबीन करने पर ट्रक में एल एंड टी कंपनी के लोहे के एंगल और अन्य समान पाए गए। जिसे बगल में ही बन रहे आईं आईएम परिसर से चुराया गया था। यहां एल एंड टी कंपनी द्वारा काम कराया जा रहा है। बरामद स्कैप की किमत हजारों रुपए आंकी जा रही है। वहीं ट्रक के संबंध में तस्लीम ने इसे आसपास से ही चोरी करने की बात कही है खुलकर अभी तक नहीं बताया पुलिस उससे आगे पुछताछ कर रही है। वहीं कबाड़ी दुकान में चार मोटरसाइकिल भी हल्के छतीगरस्त अवस्था में पाए गए जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। इनके कागज भी पुलिस को कबाड़ी दुकानदार अली रजा नहीं दिखा पाया। इन चोरी के मोटरसाइकिलो को काट कर कबाड़ी में बेचने की योजना थी। पुलिस दोनों गिरफ्तार किए गए कबाड़ी दुकान दार अली रजा और तस्लीम अंसारी से गंभीरता से पूछताछ कर रही है इनके और भी चोरी के मामलों में संलिप्त होने की आशंका जताई जा रही है।

### रातू के संडे मार्केट में नकद और मोबाइल की लूट

**रातू।** थाना क्षेत्र में अपराधकर्मियों का तांडव लगातार जारी है। चोरीए छिनतई व लूट आदि घटनाएं आम होने से लोग खौफ में हैं। अपराधी कबाड़ी वालों को भी नहीं बख़्श रहे हैं। गुरुवार को संडे मार्केट से आमटांड़ जाने वाली सड़क में कबाड़ी सुजीत कुमार व अबोध कुमार को बाइक सवार तीन अपराधियों ने निशाना बना उनसे 12 हजार नकद समेत दो मोबाइल लूट फरार हो गये। जानकारी के मुताबिक सुजीत कुमार व अबोध कुमार ठेला रिक्शा में घुम-घुमकर कबाड़ी खरीदते हैं। गुरुवार की दोपहर 12 .30 बजे पीछे से आये पल्सर बाइक सवार तीन अपराधकर्मी आगे से रोक अचानक हमला बोल दिया। मारपीट कर दोनो से मोबाईल और अबोध के पॉकेट से पर्स निकाल उसमें रखे दस हजार एवं सुजीत कुमार के पॉकेट से दो हजार लूट लिये। शोर मचाने के बावजूद किसी ने उनकी मदद नहीं की। भुक्तभोगियों ने एक की पहचान गोलू कुमार के रुप में कर लिये जाने का दावा किया है। मामले को लेकर रातू थाने में लिखित शिकायत की गयी है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

### लापुंग के नगाड़ा टोंगरी में जतरा महोत्सव

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के डाड़हा बिरमकेल स्थित नगाड़ा टोंगरी में कार्तिक पूर्णिमा सह सोहराई जतरा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी चरकू साहु ने कहा कि जतरा मेला हमारी संस्कृति और पूर्वजों की दी हुई धरोहर है। हमें अपनी परंपरा संस्कृति और रीति रिवाज को बचाए रखने के लिए पूर्वजों के धरोहर को सहेजने और भावी पीढ़ी को सौंपने की जरूरत है। नगाड़ा टोंगरी में जतरा महोत्सव के दौरान रंगारंग नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मांडर विधान सभा क्षेत्र के युवा नेता सन्नी टोपो के प्रतिनिधि के रूप में समाजसेवी चरकू साहु ने फीता काट कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

## एक नजर में

### इटकी किड्स प्ले स्कूल का मना वार्षिकोत्सव




**इटकी।** इटकी के किड्स प्ले स्कूल में गुरुवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि मुस्लिम समाज में शिक्षा के प्रति जागृति आयी है। उच्च शिक्षा प्राप्त कर समाज के युवा. देश विदेश में बेहतर कार्य कर नाम रौशन कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केरल के इंटरनेशनल स्कूल के प्रतिनिधि के अलावा मुखिया रमेश महली, अबरार इमाम, राजन किस्पोट्टा, अबू माज,बलराम गोप, हाजी अली हसन सहित अन्य शामिल थे।

### कूच्यू पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम



**अनगड़ा।** प्रखंड के कूच्चू पंचायत सचिवालय में गुरुवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में काफी संख्या में महिला एवं पुरुष अपनी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखे। कार्यक्रम में केसीसीए जाति प्रमाण आय प्रमाण पत्र प्रधान मंत्री आवास योजना मुख्यमंत्री पशुधन मनरेगा योजना सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि विधवा विकलांग पेंशन योजना से संबंधित लगभग 1701 आवेदन ग्रामीणों की ओर से दिए गए जिसमें कई आवेदनों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया।

### जामुदाग और गलऊ पंचायत में आजसू की बैठक

**सोनाहातू।** प्रखंड के अंतर्गत जामुदाग और गलऊ पंचायत में आजसू पार्टी द्वारा आयोजित एकदिवसीय ग्राम प्रभारीए चूल्हा प्रमुखए खेल प्रभारी एमहिला प्रभारी और पुरुष प्रभारीयों का संयुक्त बैठक किया गया । जिसका संचालन प्रखंड सहसचिव शिवनाथ मछुवा ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक प्रतिनिधि पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष चितरंजन महतो एविशिष्ट अतिथि के रूप में आजसू पार्टी जिला वरीय उपाध्यक्ष सह जामुदाग पंचायत प्रभारी श्याम कुमार महतो उपस्थित हुये।

# रातू: दो लाभुकों को मिला फूलो झानो योजना का चेक

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रखंड के पुरियो पंचायत की मुखिया ज्योति भगत की अध्यक्षता में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। बीडीओ हरिशंकर बारिक व सीओ प्रदीप कुमार ने ग्रामीणों को पीएम आवास, मनरेगा, राजस्व, स्वास्थ्य, आपूर्ति, कन्यादान, सुकन्या, मातृत्व वंदना, पशुपालन, कृषि, निःशक्त स्वावलंबन, शिक्षा, पेयजल, स्वच्छता, विद्युत, सहकारिता, 15वें वित्त, महिला एवं बाल विकास व कल्याण विभाग की ओर से संचालित योजनायों की जानकारी दी। इस दौरान आवास, पेंशन, राशन कार्ड, पीसीसी रोड व पक्की नाली निर्माण को लेकर सैकड़ों अर्जियां पड़ी। अधिकांश का निपटारा किया गया। गरीबों के राशन कार्ड बनाये गये। जरूरतमंदों के बीच कंबल और धोती-साड़ी बांटी गयी। दो लाभुकों को फूलो झानो योजना का चेक व मनरेगा मजदूरों को जॉब कार्ड दिया गया।

### कार्यक्रम में थे शामिल

देवानंद पांडेय, विनय कुमार, डॉ विजय कुमार, डॉ प्रीति लता, मनोज कुमार, मोहन प्रजापति, मनीता कुमारी, दीपिका हेंब्रम, अर्चना सिन्हा, अलख सिंह, अनिता कुमारी, संतोष उरांव शामिल थे।

# सरकारी योजनाओं का लाभ उठायें ग्रामीण

खबर मन्त्र संवाददाता



**चान्हो/मांडर।** चान्हो के ताला पंचायत भवन में गुरुवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए इसका लाभ उठाने का आह्वान किया गया। साथ ही परिसंपति का वितरण किया गया और सैकड़ों आवदेन प्राप्त हुए वही कइयो की त्वरित निसपादन किया गया। वहीं मांडर पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की भी शामिल हुई। उन्होंने लोगों से कहा अगर आपका कोई सरकारी काम नही होता है तो मुझे तत्काल बताया जाय। साथ ही कहा कि ग्रामीणों को किसी काम के लिए प्रखंड मुख्यालय का चक्कर नही लगाना पड़ेए इसी उद्देश्य से गांव गांव में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मौके पर बीडीओ सुलेमान मुंडरी, प्रमुख फिलिप सहाय एक्का, मुखिया प्रकाश खलखो सहित अन्य मौजूद थे। दूसरी ओर चान्हो के ताला पंचायत में आयोजित उक्त कार्यक्रम में जिप सदस्य आदिल अजीम बीडीओ प्रदीप भगत, एलईओ पुष्पलता हेंब्रम सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी और ग्रामीण शामिल हुए। मौके पर जिप सदस्य ने क्षेत्र में लचर विद्युत व्यवस्था को लेकर बीडीओ को एक ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में जल्द विद्युत व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी गई है।

# आदिवासी छात्र संघ कमेटी का पुनर्गठन

खबर मन्त्र संवाददाता




रातू। आदिवासी छात्र संघ की बैठक रांची कॉलेज अखड़ा परिसर में हुयी। केंद्रीय अध्यक्ष सुशील उरांव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय की पुरानी कमेटी को भंग करते हुये नयी कमेटी का गठन किया गया। इसमें निखिल टोप्पो अध्यक्षए मोनू लकड़ा सचिवए सुशीला कच्छप कार्यकारी अध्यक्ष, अभिषेक मिंज उपाध्यक्ष, सुमित उरांव संगठन सचिव, दीपा कच्छप उप सचिवए मीडिया प्रभारी कनक केरकेट्टा व शामी को प्रेस प्रवक्ता बनाया गया। जबकि अश्विन कुजुर, रोहित लोहरा, अमित टोप्पो, करण उरांव, चंपाई बोदरा, कलश पप्पू, कोमल चौरया, शोभा लकड़ा, तनु लकड़ा, राहुल मुंडा, नवीन थापा, पूजा खेश, सचिन उरांव, बलराम उरांव व शिवम मुंडा कार्यकारिणी सदस्य बनाये गये। केंद्रीय अध्यक्ष श्री उरांव ने कमेटी के पदधारी और सदस्यों को माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर केंद्रीय मीडिया प्रभारी सह पूर्व डीएसपीएमयू इकाई के अध्यक्ष सुमित उरांव, रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष मनोज उरांवए रातू प्रखंड अध्यक्ष रमेश मुंडाए राजेश्वर उरांव व आनंद उरांव आदि मौजूद थे।

# बेड़ो: चलती बाइक से मां-बेटा गिरे, मां को ट्रक ने कुचला, मौत

**बेड़ो।** एनएच 23 रांची गुमला मुख्य मार्ग में बेड़ो थाना क्षेत्र के असरो मोड़ के समीप गुरुवार की दोपहर 3 बजे माल वाहक ट्रक की चपेट में आने से एक महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वही उसका डेढ़ वर्षीय पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। महिला की पहचान गुमला जिले के करंज थाना क्षेत्र के सरगांव पतराटोली, भरनो गांव निवासी राजकुमार उरांव की 28 वर्षीय पत्नी झिबी उरांव के रूप मे हुई है। पुलिस के अनुसार राजकुमार उरांव, उसकी पत्नी झिबी उरांव, भाई पायां उरांव और डेढ़ वर्षीय पुत्र रूपेश उरांव आधार कार्ड बनवाने के लिए एक ही बाइक से बेड़ो आए थे। लौटने के क्र में असरो मोड़ के समीप महिला चलती बाइक से सड़क पर गिर गई महिला की गोद में उसका डेढ़ वर्षीय पुत्र भी था। उसके पीछे आ रहेट्रक ने महिला को कुचल दिया। ट्रक चालक ट्रक को भगाते हुए भरनो थाना के समीप ट्रक छोड़कर फरार हो गया। दुर्घटना में महिला की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि उसका डेढ़ वर्षीय पुत्र रूपेश गंभीर रूप से घायल हो गयाएजिससे उसके चाचा पाया उरांव ने वहां उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो पहुंचाया।

# सवारी गाड़ी पलटने से जतरा देखने जा रहीं 15 महिलाएं घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**लापुंग।** लापुंग थाना क्षेत्र के जातालोया और लापुंग के सीमावर्ती चटकपुर मोड़ के पास एक सवारी गाड़ी के पलटने से महिलाएं और बच्चों समेत 15 लोग घायल हो गए। सभी लोग सवारी गाड़ी में सवार होकर बडागाई से डाड़हा बिरमकेल के नगाड़ा टोंगरी के कार्तिक पूर्णिमा महोत्सव सह जतरा कार्यक्रम में हिस्सा लेने नगडा. टोंगरी जा रहे थे। तभी तेज रफ्तार में होने के कारण मोड में असंतुलित होकर सड़क पर ही पलट गई। जिसके कारण सवारी गाड़ी में सवार यात्री घायल हो गए। घायलों में 25 वर्षीया मंजू खलखो 22 वर्षीया दीपिका बारला तथा 12 वर्षीया किसान लकड़ा को अधिक चोटें आई हैं जबकि 10 वर्षीया करिश्मा कुजूरए 10 वर्षीया रीना कुजूरए 13 वर्षीया विनिता कुजूरए 12 वर्षीया रजनी कुजूरए 16 वर्षीया मीना कुजूरए 08 वर्षीया सरस्वती कुजूरए 10 वर्षीया मनीष कुजूरए 12 वर्षीया अजीत कुजूरए 14 वर्षीया पूनम तिर्कीए 23 वर्षीया मंजू खलखोए 12 वर्षीया उर्मिला लकड़ाए 12 वर्षीया पुनिया कुमारीए 22 वर्षीया आरती कठवार शामिल हैं। घायलों में सबसे अधिक 25 वर्षीया मंजू खलखो और 22 वर्षीया दिपिका बारला के सिर सहित शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोटें आई है।

# ओरमांझी: ढोल-नगाड़े की धुन पर झूमे युवा

### जतरा खूंटा में मुर्गे की बलि दे लगा बंडा मेला

खबर मन्त्र संवाददाता



ओरमांझी में लगे मेला में झुमर नृत्य करते युवक- युवतियां।

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के बाघिन बंडा में गुरुवार को जतरा खुटा में पूजा व मुर्गे की बलि देकर मेला लगाया गया। कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर बंडा मेला समिति द्वारा बाघिन बंडा बगीचा में मेला लगाया गया। मेला में मुख्य आकर्षण झुमर व खच्ड़ा नृत्य और रात्रि में नागपुरी आरकक्स्ट्रा रहा। विभिन्न गांव से झुमर नृत्य मंडलियों में शामिल युवा व युवतियों ने ढोल नगाड़े की थाप पर जमकर झुमर नृत्य किया। बाद में आयोजन समिति की ओर से झुमर व खच्ड़ा नृत्य मंडलियों को नगाड़ा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व मेला का शुभारंभ गांव के पुजारी कलेश पाहन द्वारा जतरा खूंटा में पूजा व रंगुवा मुर्गे की बलि देकर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित खिजरी विधानसभा के पूर्व प्रत्यासी रामधन बेदिया व अमुल्य नीरज खलखों सहित उपस्थित अतिथियों ने नृत्य मंडलियों को सम्मानित किया और कहा राज्य में लगने वाले मेला में झारखंडी संस्कृति की झलक मिलती है। झारखंड संस्कृति को बचाने में मेला का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

### मेला में कई लोग थे उपस्थित

मेला में प्रमुख अनुपमा देवी, जिप सदस्य कमिश्नर मुंडा सरिता देवी, मुखिया रीना देवी व रमेश बेदिया, पंसस रश्मि रेखा मुंडा व रीना मुंडा, उपमुखिया जानकी देवी व रेखा देवी, समाज सेवी भुनेश्वर लोहरा, रामवृक्ष महतो, चतुर साहू, रचहित साहू, आयोजन समिति के संरक्षक डीएन सिंह, विष्णु मुंडा, अध्यक्ष अषोक भोक्ता, सचिव नरेश यादव, महाबीर यादव, गच्पाल प्रसाद, अनुज करमाली, सुनिल बेदिया, सिकंदर मुंडा, शिवचरण सिंह, महक्श मुंडा, धनेश्वर सिंह, धनीराम मुंडा, कालीचरण मुंडा सहित कई लोग उपस्थित थे।

# नगड़ी: ज्ञानोदय स्कूल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी स्थित ज्ञानोदय अकादमी विद्यालय परिसर में गुरुवार को पावर ग्रिड बेड़ो उपकेंद्र द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2022 अभियान के तहत बच्चों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर पावर ग्रिड के सभी कर्मचारियों ने इस अभियान में भागीदारी की। इस अवसर पर पावर ग्रिड के वरीय महाप्रबंधक एसके ठाकुर, उप महाप्रबंधक कुमार अभिषेक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके दो अतिथियों ने संयुक्त रूप बच्चों को संबोधित करते कहा कि ईमानदारी और नेक मन से शिक्षा में ध्यान दें आप के लग्न से किया गया शिक्षा से ही आप सफल विद्यार्थी बनेगें आगे इन्होंने कहा कि जन संदेश में कहा कि आमजनों के ईमानदारी सच्ची देश सेवा से ही भारत भ्रष्टाचार मुक्त के विकसित भारत को सफल होगा ।साथ ही कर्मचारीगण के उपस्थिती में स्कूल के उप प्राचार्या संगीता कुमारी के देखरेख में विद्यालय के बच्चों के बीच श्भ्रष्टाचार मुक्त भारत.विकसित भारतश के विषय पर वर्ग 01 से वर्ग 05 चित्रकला प्रतियोगिता और निबंध प्रतियोगिता ;वर्ग 06 से वर्ग 10 का आयोजन किया गया।

# विकास की प्रतिबद्धता

राज्य के विकास को लेकर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन गंभीर हैं। कोरोना काल से उबर चुके राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए गांवों में बुजुर्गों की पुरानी और पारंपरिक व्यवस्था को फिर से विकसित करने पर उन्होंने प्रतिबद्धता जतायी। सरकार आपके द्वारा और आधारभूत संरचना के साथ ही चिकित्सा के क्षेत्र में राज्य भर में दर्जनों योजना का शुभारंभ किया जा रहा है। हेमंत सरकार जमशेदपुर की जनता के लिए नए बाईपास का निर्माण करने की योजना बना रही है। इसके लिए जल्द ही अधिकारियों के साथ मिलकर जमशेदपुर से सरायकेला- खरसावां को जोड़ते हुए एक बाईपास की बड़ी परियोजना तैयार करने का काम किया जाएगा। राज्य के बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके, इसके लिए सरकार योजनाएं तैयार कर रहीं है। आगामी 15 नवम्बर (झारखंड स्थापना दिवस) के दिन माननीया राष्ट्रपति इन योजनाओं का शुभारंभ करेंगी। राज्य की बच्चियों को सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ा जा रहा है, जिसके तहत उनके 18 वर्ष पूरे होने पर 40 हजार रुपये एवं उनके उच्चतर शिक्षा के लिए सरकार सहायता करेगी। मुख्यमंत्री ने महात्मा गांधी मेमोरियल कॉलेज एवं अस्पताल (एमजीएम) परिसर में 500 बेड की क्षमता वाले नए अस्पताल भवन की आधारशिला रखी। इसके निर्माण पर 4 अरब रुपए खर्च होंगे। इसके चालू होने से इस इलाके के मरीजों को बेहतर इलाज और जांच की सुविधा उपलब्ध होगी। कुल 474.78 करोड़ रुपये की लागत से मानगो पुल-सह-फ्लाई ओवर के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया । निश्चित तौर पर युवा मुख्यमंत्री ने जिस प्रकार पूरे राज्य में विकास की गंगा बहाने का काम किया है उससे राज्य की जनता की उम्मीद पर खरी उतर रही है। विकास से ही राज्य विकसित और समृद्ध होगा।

# कोयला का अंत?

किसी तय तारीख का जिक्र तो नहीं किया जा सकता है लेकिन एक दिन ऐसा आएगा जब देश में न केवल कोयला खनन बल्कि कच्चे तेल का अधिकांश उत्पादन और प्रसंस्करण भी बंद हो जायेंगे। इसके अलावा नवीकरणीय ऊर्जा तथा उसकी भंडारण क्षमताओं में भी जमकर इजाफा होगा। ये बड़े उद्योग हैं और इनका असर भी समूची अर्थव्यवस्था में महसूस किया जाएगा। दुनिया में अनेक ऐसे लोग और संस्थान हैं जो इस बदलाव से प्रभावित होने जा रहे हैं। ऐसे तकनीकी बदलाव नए नहीं हैं। समय के आरंभ से ही ऐसा होता आ रहा है। हर दशक में हमने उत्पादन में बड़े ढांचागत बदलाव देखे और हर अवसर पर कुछ लोग लाभान्वित हुए तो कुछ को नुकसान हुआ। जब स्वेज नहर बन रही थी और बंदरगाहों का यातायात कलकत्ता से बंबई स्थानांतरित हो गया था। मशीनीकरण, स्वचालन तथा उपभोक्ताओं की पसंद में बदलाव आदि ने बार-बार ऐसे हजारों उद्योगों को बनाया और बिगाड़ा है जिनसे लाखों लोग जुड़े हुए थे। युद्ध के दौरान होने वाले उत्पादन ने 100 गुना तक वृद्धि हासिल की और फिर वे विलुप्त हो गए। एक सफल देश के लिए जरूरी बात यह है कि वह बदलाव की राह रोकने और उसे लेकर शिकायत करने के बजाय बड़े रुझानों के बारे में पहले से अनुमान लगाए और समुचित प्रतिक्रिया दे। आशावादी नवीकरणीय ऊर्जा पर दांव लगा रहे हैं और ऐसे भी लोग होंगे जो कोल इंडिया के शेयर खरीद रहे हैं। भारत के कार्बनीकरण से मुक्ति की धीमी या तेज गति के अनुसार ही इनका मुनाफा या हानि पैदा होगी। तकनीकी बदलावों के दौरान ऐसा होता ही है। 2035 तक यूरोप से सभी पेट्रोलियम चालित वाहन हटा दिये जाने की घोषणा हो चुकी है। इसी प्रकार आने वाले समय में बदलाव होगें और ये तेज होंगे यह तय है।

# किस्सा कुर्सी का-किस्सा चौकी का




**दैनिक** ऑडियो समाज में प्रकाशित उपरोक्त आलेख को पढ़ते ही मुझे याद आया गई आपातकाल के बाद सन 1977 ईस्वी में प्रकाशित पुस्तकें और वितरित फिल्मकिस्सा कुर्सी का, जो काफी लोकप्रिय और प्रशंसंसित हुआ था।

समभावापूर्ण इस लेख का हिंदी में अनुवाद करने की तमन्ना हुई ।

मैं कागज कलम लेकर दीपावली के दिन बैठ गया सुप्रभा जी से अनुमति लेकर

मैं कुर्सी(चौकी) हूं

मेरे बहुत सारे नाम हैं जैसे मेज, चौकी और कुर्सी मेरे जन्मदाता और जन्म तारीख मालूम नहीं।

लेकिन उम्र के मापदंड से अगर तोला जाए, अनुमानिक में 5000 वर्ष पुराना हूं ।

कहा जाता है मेरा जन्म मिस्त्र(ईजिप्ट) की सभ्यता से हुआ है।

समाज के उच्च वर्ग के लोगों को थोड़ा ऊंचाई पर बैठाने के लिए ही मेरा जन्म हुआ था।

विवेद पैदा करना शायद मेरे शरीर के अणु- परमाणु में अगर भर दिया गया ।

मैंने लोगों के बीच का दुरत्व बढ़ाया ठीक उतना ही जितना मंच और मंच से नीचे बैठे हुए लोगों के बीच की दूरी ।

मिस्त्ररिय सभ्यता में जब मेरा जन्म हुआ मैं बहुत छोटा था, अनुमानित 10 इंच के आस पास है

धीरे-धीरे( आहिस्ता आहिस्ता) मेरा विवर्तन हुआ। समाज के संभ्रांत वर्ग के लोगों ने कितने मुद्राओं में कितने ढंग से मेरा अंग को सजाया संवारा ।

जब राजतंत्र आया तब मेरा महत्व और बढ़ गया राजा का कुर्सी (चौकी)को एक स्वतंत्र स्थान मिला। उसके शरीर पर विभिन्न रत्न अलंकार खचित कर उसे राजसिंहासन का नाम दिया गया। इस दौड़ में एक से एक आगे बढ़ गए

कोई मूल्यवान लकड़ी तो कोई हाथी दांत (आइवरी)कोई सोना चांदी ,मोती ,माणिक ,हीरा ,पन्ना और नीलम जोड़ दिया गया।

इस अंधाधुन दौड़ में सम्राट शाहजहां निर्मित मयूर सिंहासनआगे रहा

विश्वास किया जाता है कि इसमें 1150 केजी सोना ,230 केजी के दूसरे मूल्यवान पत्थर लगा गया थे।

इसके पीछे सोन का मयूरपुच्छ लगाया गया था

सबसे कीमती कोहिनूर हीरा खजीत हुआ था कहा जाता है

एसे लोगों उपरोक्त कुर्सी(चौकी) में बैठने से खूब शीघ्रः अपने को खपा लेते है।

मैं खुशी नदी में बह गया था जिस दिन जिसकी प्रभु श्री राम को खड़ाओ अयोध्या में स्थापित हुआ। मैं माथा नत कियाअग्रज( बड़े भाई ) लिए त्याग और सम्मान देखकर।

उस दिन संपर्क के सामने राज गद्दी मूल्यहीन हो गया था। मैंने दुख से विलाप किया था तप उपयुक्त चौकी में एक अन उपयुक्त आदमी बैठा था।

चौकी के नीचे बैठे लोगों के प्रति अन्याय करके स्वयं दुर्नीति में डुबकी लगा रहे थे। मैं विवश होकर थक हार जाता हूं लोग थक हार कर मेरे या गोद में बैठ जाते हैं। मैं कहां बैठू? मेने राजतंत्र को देखा है। गणतंत्र को भी देख रहा हूं यह भी में देख रहा हु एक कुर्सी हटियाने के लिए

किस तरह के कुसचित प्रयास किए जाते हैं- उसका इतिहास मेरा मूल्य स्थान-स्थान अनुसार बदल जाता है राजा, मंत्री नौकरशाही (अमला) बैठने की गद्दी,जैसे मर्तलोक का सबसे दुर्मुल्य द्रव है

आदमी के मन में सब समय इसका क्षुधा इस तड़पता रहा है। सर्वदा लोग और उसके लिए चलता है राजनीति ,संघर्ष, हिंसा खून खराबी और कभी-कभी नर संहार। शासन गति के लिय

खून का रिश्ता भी मूल्यहीन हो जाता है

मैं उस दिन हतवाक रह गया जिस दिन सम्राट अजातशत्रु का खड्ग रक्त रंजित हो गया,

अपने पिता बिंबिसार के खून से मगध साम्राज्य के एक छोटी सी कुर्सी के लिए

पुत्र उदय भद्र द्वारा अजातशत्रु की हत्या हुई थी।

महाभारत युद्ध की पटकथा जिस लालसा की सहायी में लिखा गई था।

उसका मूल्य अभी संधि था हस्तिनापुर का कुर्सी(चौकी) हजारो हजार रथी महारथी उसके साथ हाथी ,घोड़ा सभी चद्दर ओढ़कर चीर निंदा में सो गए ।

आदमी अभी अधिक शिक्षित और सभ्य हुआ है।

तकनीकी ज्ञान कौशल से सारा दुनिया को जीतने का प्रयास कर रहा है, किंतु क्या वह अपने को कुर्सी की लालसा से मुक्त कर सका है ?उसी कुर्सी के लिए वह अपना हित अहित ज्ञान भूल जाता है ।

इंसानों के उअंदर से इंसानियत खत्म हो गया है ,कुर्सी का नीलाम हो रहा है लोकतंत्र में निरीह जनता बिक्री हो रहा है वोट के लिए। निर्वोध आदमी कुर्सी के मुंह से अपने अंदर इतना अहंकार भर देता है कि वहᵵ पृथ्वी को तस्तरी( धारा को सरा ) समझता है।


लेकिन पद जाने के बाद भी एक चपरासी भी अपने अधिकारी को नहीं पूछता है ।एक अद्धस्थान कर्मचारी व्यक्ति नहीं बल्कि उसके कुर्सी को ही सम्मान देता है।

ओर पद से हटने के बाद कौन किसका?

इसीलिए आए के समाज में हर कोई कुर्सी जान के डर से चिंता ग्रस्त है में द्वंद में पड़ जाता हूं, खून का रिश्ता ,जीवन सबसे ऊपर मैं ?

मैं क्या चिरस्थाई? कोई मुझे अख्तियार नहीं कर सकता है? न करेगा? जब आदमी हृदयवान होता है सब के प्रति संवेदनशील मनोभाव पोषण करता है ,प्यार और मोहब्बत से लोगों को बांध के रख सकता है वह सदा सर्वदा आदर का पात्र होता है। उसके लिए झूठ कुर्सी खोने का डर कभी नहीं रहता है क्योंकि वह सब के हृदय में अपने लिए एक कुर्सी आरक्षित कर रखता है। जिंदगी में इससे बड़ा उपलब्धि और क्या हो सकता है?

अनुवादकः डॉ दिनेश कुमार षड़ंगी
(यह लेखक का निजी विचार है। )



-सुप्रभा बेहेरा

> इंसानों के उअंदर से इंसानियत खत्म हो गया है ,कुर्सी का नीलाम हो रहा है लोकतंत्र में निरीह जनता बिक्री हो रहा है वोट के लिए। निर्वोध आदमी कुर्सी के मुंह से अपने अंदर इतना अहंकार भर देता है कि वहᵵ पृथ्वी को तस्तरी( धारा को सरा ) समझता है। लेकिन पद जाने के बाद भी एक चपरासी भी अपने अधिकारी को नहीं पूछता है ।एक अद्धस्थान कर्मचारी व्यक्ति नहीं बल्कि उसके कुर्सी को ही सम्मान देता है।

## खास बात

### अमेरिका और चीन के व्यापार में विस्तार

शी चिनफिंग ने राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर चीनी कंपनियों के साथ भेदभाव किए जाने की शिकायत की। हकीकत यह है कि अमेरिका और चीन का व्यापार 2020 में 615 अरब डॉलर के जबरदस्त स्तर पर रहा। अमेरिकी कंपनियां चीन में निवेश करती हैं और अमेरिकी वित्तीय कंपनियां भी चीन के वित्तीय बाजारों के खुलेपन का लाभ गंवाना नहीं चाहतीं। खासतौर पर 16 लाख करोड़ डॉलर के बॉन्ड बाजार को। अमेरिका में भी एक प्रभावशाली चीन समर्थक लॉबी है। अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स, शांघाई के मुताबिक चीन में स्थित 72 फीसदी अमेरिकी कंपनियों की अगले तीन वर्ष में अपना उत्पादन बाहर ले जाने की कोई योजना नहीं है। करीब 60 फीसदी चीन में अपना निवेश बढ़ाना चाहती है। ज्यादातर का मानना है कि अमेरिका-चीन के रिश्ते इतने खराब नहीं होंगे कि उन्हें अपनी कारोबारी योजना बदलनी पड़े।

अमेरिका की वृहद नीति के वैश्विक आर्थिक सुधार पर पड? वाले असर को लेकर चिंता जताई थी। उन्होंने कहा कि चीन और अमेरिका के लिए यह जरूरी है कि दोनों देश वृहद-आर्थिक नीति को लेकर संवाद करें ताकि वैश्विक सुधार की मदद की जा सके। अमेरिका को घरेलू वृहद नीतियों के प्रसार वाले प्रभाव पर ध्यान देना चाहिए और जवाबदेह वृहद आर्थिक नीति अपनानी चाहिए। इससे यह भी समझा जा सकता है कि अमेरिकी वित्त मंत्री जैनेट येलेन और चीन के उपप्रधानमंत्री और शी चिनफिंग के मुख्य आर्थिक सलाहकार लिउ ही बैठक में क्यों मौजूद थे।अमेरिका के सामने अत्यधिक मजबूत चीन है जो वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ एकीकृत है। उसे अपनी बाहरी नीति को समायोजित करना होगा ताकि यह हकीकत सामने आए।

इन दोनों शक्तियों के बीच अधिक सूक्ष्म रिश्ते भारत के भूराजनीतिक गणित तथा अमेरिका के साथ उसके रिश्तों के मूल्य और क्वाड जैसे मंचों को नए सिरे से प्रभवित करेंगे। हालांकि अमेरिका के साथ हमारे रिश्तों के आगे भी महत्त्वपूर्ण बने रहने की अनेक वजह हैं लेकिन चीन के परिप्रेक्ष्य में उनका प्रतिवारक मूल्य कम हुआ है।

# मुनियों का भ्रम टूटा

## विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**श्री राम** ने कहा- आपलोग निश्चिंत होकर मुझें बताये। ऋषि-मुनियों ने कहा- प्रभु ये हमारे ही भाई-बंधुओं की हड्डियां हैं। इस दंडकवन में रावण की सेना रहती है। उसकी चौदह हजार सेना घूमती रहती है। उसको रावण आदेश दे रखा है, कहीं जप,तप,योग, यज्ञ करता काई पकड़ा गया तो उसको मारकर खा जाओं । उसका रूधिर पी जाओ और हड्डियों को ढेर एक जगह इकट्ठा करो। इसलिए कि दूर से ही देखकर लोग भय में आ जाए और जप, तप योग इत्यादि न कर सके। रावण नहीं चाहता है कि कोई जप,तप एवं योग इत्यादि करे। इस तरह ऋषि-मुनियों के बीच श्रीराम का समय बीत रहा था। रोज संध्या समय आश्रमों में सत्संग ज्ञान की चर्चा होती थी। ऋषि-मुनि राम को यह जरूर समझते थे कि ये बड़ें हैं, अवतारी हैं लेकिन उनको अपने ज्ञान और साधन का अभिमान था। वे यह नहीं सोचते थे कि इनके पास हमलोगों से अधिक ज्ञान है। लेकिन जब श्रीराम जी व्याख्या करने लगते थे संसार की, मन, बुद्धि और चित की। अपरा जगत की तो वे आश्चर्यचकित रह जाते थे। उन्हें लगता था किये ज्ञान इनको कैसे हुआ। कैसे? ये तो न हमलोगों के बरावर साधन किए हैं और न ही अध्ययन किये हैं? तब उन्होंने कहा प्रभु आज बात समझ में आई कि ज्ञान भक्ति के द्वारा ही होता है। हमलोगों ने जप योग बहुत कुछ किया और इस अभिमान में थे कि ज्ञान हमलोगों के पास अधिक है लेकिन आज पता चला कि ये ज्ञान आपके पास ज्यादा है। कारण है कि आपने भक्ति की है। इस तरह से आगे बढ़ते हुए।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

## कार्टून वर्ल्ड




साभार : कार्टून मूवमेंट

'**गिर** जाना, हार जाना, युध के मैदान में , हाँ माना ध्वज फैहरना , बल पर अपने , फिर खड़े हो जाना, ये जाना घुड़सवार वे, जो गिर कर, फिर सवार हो जाते हैं, फिर गया पानी उनपर, जो मारते थे उनपर अश्लील ताना।

**- अमिताभ बच्चन, अभिनेता**

## आपके ट्वीट

70 साल बाद दुमका जिले के मसलिया और रानीश्वर प्रखंड के खेत लहलहायेंगे। मसलिया-रानीश्वर मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना से 276 गांव के लाखों किसानों और परिवारों की हजारों हेक्टेयर जमीन सिंचित होगी। सभी को अनेक-अनेक शुभकामनाएं और जोहार!

**- हेमंत सोरेन, सीएम**





**वो जमाना गया जब बैंक सहित वित्तिय संस्थाओं में लूट और भ्रष्टाचार करने के बाद लोग आराम से जीते थे। अब मोदी हैं दुनिया में कही रहो भ्रष्टाचारियों को पकड़ कर लाया जाएगा।**

**-महेश पोद्दार, सांसद**

# एक महान शिक्षाविद, चिंतक और समाज सुधारक मौलाना आजाद

**नसीम अहमद**

## जन्म दिवस

**मौलाना** अबुल कलाम आजाद भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम के एक महान् सेनानी तथा राष्ट्रवादी नेता थे । आचार्य जे०बी० कृपलानी ने उनके सम्बन्ध में कहा था- वे भारत के एक महान् शास्त्रवेत्ता, विद्वान प्रभावशाली वक्ता, राष्ट्रभक्त एवं विश्ववादी नेता थे ।

मौलाना अबुल कलाम आजाद का जन्म सन 1888 में मक्के में हुआ था । उनके पिता सूफी पण्डित थे, अर्थात धर्मशास्त्र के आचार्य थे । अबदुल कलाम के पिता मौलाना खैरूद्दीन का विवाह मदीना के प्रसिद्ध विद्वान् शेख मोहम्मद जहर की कन्या से हुआ था । मौलाना खैरूद्दीन को धर्मशास्त्र का अगाध ज्ञान था । उन्होंने अनेक पुस्तकें भी लिखीं । उनके पिता को दुर्घटना में चोट लगी थी । अतः अपनी चिकित्सा कराने कलकत्ता आ गये और यहीं के होकर रह गये । पिता की मृत्यु के बाद उन्हें उनका स्थान ग्रहण करने पर जोर दिया गया, किन्तु उन्होंने अस्वीकार कर दिया ।

वे शिक्षा के प्रचार प्रसार के प्रति हमेशा चिंतित और प्रयत्नशील थे आम लोगों को शिक्षा कैसे मिले इसके लिए कई कार्यक्रम कर लोगो से सीधा संवाद करते थे अतः विज्ञान के साथ-साथ अंग्रेजी का ज्ञान भी आवश्यक है । अबुल कलाम देश के सच्चे सपूत थे । हिंदू मुस्लिम के एकता के प्रबल समर्थक थे अतः 1905 के बंगाल आन्दोलन में वे सक्रिय रूप से कूद पड़े । उन्होंने हिन्दू-मुस्लिम बहुमत के आधार पर बंगाल विभाजन का पुरजोर मुखालफत किया । बंगाल के क्रान्तिकारियों के सम्पर्क में आकर इस आन्दोलन को परवान चढ़ाया । उन्होंने इराक, मिश्र, सीरिया, तुर्की और फ्रांस की भी यात्रा की और इन देशों के राष्ट्रवादियों से सम्पर्क किया । मुसलमानों में राष्ट्रीय विचारधारा का प्रचार करने के लिए उन्होंने 1912 में उर्दू साप्ताहिक पत्रिका अल हिलाल का प्रकाशन किया । इसकी लोकप्रियता ऐसी थी कि सप्ताह में 26 हजार प्रतियां बिकने लगीं । 1914 में अंग्रेज सरकार ने इसे साम्राज्यवाद विरोधी मानकर जब्त कर लिया । 1916 में उन्हें कलकत्ता से निष्कासित कर अन्य राज्यों में प्रवेश से वंचित कर दिया । उन्हें 6 माह के लिए के रांची झारखंड में नजरबन्द कर दिया गया । चार वर्ष तक रांची में रहकर कई महत्वपूर्ण कामों को अंजाम दिए जुम्मे की नमाज में उनकी बातो को सुनने हेतु हिंदू मुस्लिम मारवाड़ी जैन लोग बड़ी गंभीरता (गौर) से सुनने आते थे इनकी देखरेख में मदरसा इस्लामिया का 1917 में गठन किए और चंदा (कोष दान दिए ) । बाद में 1971 में मौलाना अबुल कलाम आजाद कॉलेज का स्थापना हुआ। 1920 में रिहा होते ही वे गांधीजी से मिले और असहयोग आन्दोलन में पूरी शक्ति से भाग लिया । 1923 में जब वे रिहा होकर आये, तो उन्हें न केवल कलकत्ता अधिवेशन का सभापति चुना गया, वरन् अखिल भारतीय स्तर का राष्ट्रीय नेता भी घोषित किया गया । नमक सत्याग्रह में गांधीजी के साथ फिर जेल में डाल दिये गये । लंदन के गोलमेल सम्मेलन के असफल होते ही उन्हें 1942 में भारत छोड़ो आन्दोलन के सिलसिले में कैद कर लिया गया । वे सन् 1945 तक जेल में रहे ।

देश के स्वत्तन्त्र होने के बाद वे प्रथम शिक्षा मन्त्री बने । विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग 1948 और माध्यमिक शिक्षा आयोग 1959 में उन्होंने वैज्ञानिक व प्राविधिक शिक्षा की वकालत की । उन्हीं के प्रयत्नों से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की स्थापना हुई । शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण योगदान देने के साथ-साथ उन्होंने उर्दू भाषा इंग्लिश और साहित्य की बड़ी सेवा की । आजीवन कार्य करते हुए 22 फरवरी 1958 को उनकी मृत्यु हो गयी ।मौलाना अबुल कलाम आजाद सच्चे राष्ट्रभक्त एक कुशल वक्ता तथा महान विद्वान थे ।

# अब श्री राम के भरोसे एलन मस्क का ट्विटर

**अरुण नैथानी**

## विमर्श

**भारतीय** मेधा का डंका पश्चिमी देशों में खूब बज रहा है। ब्रिटेन में ऋषि सुनक की प्रधानमंत्री के रूप में हालिया ताजपोशी के बाद अब अमेरिका में श्रीराम कृष्णन की धूम है। जो दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क द्वारा ट्विटर का टेकओवर करने की प्रक्रिया के बाद उनकी मदद कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि हाल ही में मस्क ने ट्विटर 44 अरब डॉलर के सौदे में खरीदा है। तो बदलाव की इस मुहिम में अब श्रीराम की बड़ी भूमिका बतायी जा रही है।

फिलहाल ट्विटर की प्रशासनिक व्यवस्था में लाये जा रहे बड़े बदलावों के सूत्रधार श्रीराम को बताया जा रहा है। चेन्नई में जन्मे श्रीराम ने ट्विटर पर लिखा भी है कि वे अब एलन मस्क की मदद कर रहे हैं। फिलहाल, श्रीराम एक प्रतिष्ठित इनवेस्टमेंट कंपनी में कार्यरत हैं, जिसका काम स्टार्ट अप्स में बड़ी भूमिका निभाना है। दरअसल, पेशे से इंजीनियर श्रीराम को स्टार्टअप्स में बड़े निवेशक के रूप में पहचान मिली है। वे अमेरिका की कई प्रतिष्ठित कंपनियों व क्रिप्टो करेंसी में निवेश के लिये चर्चित रहे हैं।

दरअसल, ट्विटर में काम कर चुके श्रीराम ने अपने कैरियर की शुरूआत 2007 में चर्चित माइक्रोसॉफ्ट कंपनी के साथ की थी। तमिलनाडु की अन्ना यूनिवर्सिटी के एसआरएम कॉलेज में इंजीनियरिंग करने वाले श्रीकृष्ण ने सिर्फ इक्कीस साल की उम्र में सुनहरे भविष्य का सपना लिये अमेरिका प्रवास किया था। मध्यवर्गीय परिवार में जन्मे श्रीराम के पिता एक बीमा कंपनी में काम करते थे। कॉलेज में पढ़ाई के दौरान वे आरती से मिले और बाद में उन्हें जीवन साथी बनाया। जब श्रीराम ने ट्विटर के साथ काम किया तो कंपनी की विकास दर में बीस फीसदी का इजाफा हुआ था। दरअसल, फेसबुक व स्नैप के साथ काम कर चुके श्रीराम किस्सागोई का शौक भी रखते हैं। वे अपनी पत्नी आरती राममूर्ति के साथ एक चर्चित पॉडकास्ट शो भी चलाते रहे हैं। कयास लगाया जा रहा है कि फिलहाल ब्लू टिक के बदले फीस व एडिट बटन से नये फीचर्स में बदलाव जैसे फैसलों के पीछे श्रीराम ही हैं। हालांकि, कुछ फैसलों को लेकर अमेरिका में विरोध भी चल रहा है। कहा जा रहा है कि ट्विटर के सैन फ्रांसिस्को स्थित मुख्यालय में बड़े फैसले श्रीराम के निर्देश पर ही हो रहे हैं। तभी उन्होंने सार्वजनिक घोषणा करके एलन मस्क की मदद करने की बात स्वीकारी थी। दरअसल, इस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में बड़े बदलावों को लेकर कयास लगाये जा रहे हैं। साथ ही ट्वीट संदेश की शब्द सीमा बढ़ाने का भी विचार है। एक बदलाव यह भी होने का कयास है कि ट्विटर अकाउंट उपयोगकर्ता लॉग आउट के बाद भी ट्वीट्स व स्टोरी देख सकेंगे।फिलहाल एक वेंचर कैपिटल फर्म में सहभागी श्रीराम का कैरियर शानदार रहा है। इससे पहले वर्ष 2013 में वे फेसबुक प्रबंधन से जुड़े थे। तीन साल के कार्यकाल के दौरान उन्होंने विभिन्न पदों पर रहते हुए आक्रामक व्यापारिक रणनीतियों को अंजाम देने का काम किया। उपभोक्ता मनोविज्ञान पर पकड़ रखने वाले श्रीराम ने कंपनियों को नये बदलावों से बड़े मुनाफे दिलाये। इसके बाद अपने करीब दो साल के कार्यकाल में कोर कंज्यूमर उत्पाद टीम का नेतृत्व करते हुए ट्विटर को बड़ा मुनाफा दिलाया।

## लेटर टू एडिटर

### चीन की चाल

**चीन** अपनी सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा की आड़ में परमाणु हथियारों का विस्तार कर रहा है। हाइपरसोनिक मिसाइल के क्षेत्र में चीनी उपलब्धि ने दुनिया को अपनी सुरक्षा की याद दिला दी है लेकिन अफसोस की बात यह है कि सारी चिंताएं अकेले अमेरिका के सिर ही हैं। दुनिया के किसी देश ने चीन की हिमाकत पर उंगली नहीं उठाई।

**- श्री निवास सिंह, चांडिल**

### तार्किक पहल

**देश** के फौजी कश्मीर घाटी में आतंकवादियों को पकड़ने एवं उनका सफाया करने में लगे हुए हैं। महबूबा मुफ्ती एवं फारूक अब्दुल्ला बार-बार पाकिस्तान से बात करने की बात करते हैं। यह बात समझ से बाहर है। बेहतर हो कि अपने देश के कश्मीरी युवाओं से बात करना ज्यादा पसंद करूंगा तो हमें उनकी बात समझ में आती है।

**- मनमोहन, रांची**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

### 60 किसानों के बीच सरसों बीज का वितरण

**बिष्णुगढ़।** प्रखंड में लगभग 60 किसानों के बीच सरसों बीज का वितरण किया गया किसानो में सरसों बीज की खेती को बढ़ावा देने व उत्पादन का लाभ लेने के उदेश्य से वितरित की गयी। कृषि पदाधिकारी अभय कुमार ने बताया की किसान सरसों बीज की बुवाई अनिवार्य रूप से करें। खेतों में लगे सरसों की खेती का समय-समय पर विभाग द्वारा निरीक्षण की जाएगी सरसों की खेती कलस्टर आधारित करने की बात कही।

### बरही में पोक्सो एक्ट के अभियुक्त को भेजा जेल

**बरही।** बरही पुलिस ने कांड संख्या 417/22 के नामजद अभियुक्त अभिषेक कुमार पिता प्रदीप जयसवाल करियातपुर निवासी को केस अनुसंधानकर्ता एसआइ मनीषा टोप्पो ने ओडिया से गिरफ्तार कर लिया और कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### झंडा बैनर खोले जाने को लेकर थाना में दिया आवेदन

**बड़कागांव।** भाजपा बड़कागांव मंडल अध्यक्ष द्वारा थाना में आवेदन दिया गया है। दिये गये आवेदन के अनुसार, प्रदेश इकाई द्वारा आहूत कार्यक्रम को लेकर 9 नवंबर को भाजपा का प्रचार वाहन प्रखंड के कई क्षेत्रों में घूम रहा था इसी दौरान शाम को लगभग 6:00 मिजार्पुर गांव में सुनसान जगह पर स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद, अंकित राज दोनों के पिता योगेंद्र साव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे पिता स्वर्गीय भुनेश्वर चौबे तथा लगभग 10 से 15 व्यक्ति द्वारा प्रचार वाहन को रोकते हुए प्रचार वाहन में लगे झंडा एवं बैनर को खोलकर साथ ले गए एवं साउंड में बज रहे ऑडियो को भी मोबाइल से डिलीट कर दिया। साथ ही धमकी भी दी।

### अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से उपायुक्त माधवी मिश्रा द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन की अध्यक्षता में चलाए गए जांच अभियान के दौरान गुरुवार को कैथा घाट से अवैध बालू लदे 4 ट्रैक्टरों को जब्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### झाकोमयू ने सौंपा 25 सूत्री मांग पत्र

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन उरीमारी शाखा ने उरीमारी परियोजना कार्यालय में प्रबंधन को 25 सूत्री मांग-पत्र सौंपा है। इसमें मजदूरों व विस्थापितों की समस्याओं का अविलंब समाधान करने की मांग की गई है।

# अतिक्रमणकारियों के आगे प्रशासन नतमस्तक!

## हजारीबाग नगर आयुक्त के जून के आदेश पर अब तक कार्रवाई नहीं

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** मटवारी कृष्णापुरी तालाब, जबरा तालाब व सीढ़ी तालाब उर्फ बोध तालाब के किनारे सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने के नगर आयुक्त के आदेश को सदर सीओ व सदर थाना प्रभारी ताक पर रख रहे हैं। अतिक्रमण हटाने को लेकर दो चिट्ठी नगर आयुक्त प्रेरणा दीक्षित ने 24 व 25 जून को जारी की थी, जिसे उपायुक्त कार्यालय में रिसीव किया गया था। लेकिन, ऐसा लगता है कि वो चिट्ठी कहीं गुम हो गयी है।



कृष्णापुरी तालाब में अतिक्रमण कर जारी है निर्माण कार्य।

नगर निगम कार्यालय से तालाब को अतिक्रमण मुक्त करने के आदेश जारी हो रहे हैं, लेकिन अतिक्रमण कम होने की बजाय लगातार बढ़ता जा रहा है। कृष्णापुरी तालाब के दोनों ओर दूकान बनाये जा रहे हैं। नगर निगम प्रशासन सिर्फ कागजों में ही कार्रवाई कर रहा है और अंचल कार्यालय व सदर थाना प्रभारी कोई चिट्ठी नहीं मिलने का हवाला देकर मामले की लीपा-पोती में जुटे हैं।

नाम नहीं छापने की शर्त पर नगर निगम के एक कर्मचारी ने बताया कि निगम अपने कर्तव्य को निभा रहा है। हमलोग अतिक्रमण को लेकर सजग है। चिट्ठी जारी किये चार माह हो गए है लेकिन जिला प्रशासन की ओर से कुछ नहीं हुआ है। कुछ नहीं तो जिला प्रशासन एक टीम भेजकर डिमार्केशन करवा दे। कहा कि नगर निगम के अंतर्गत थाना नंबर १४० मौजा आता है। जबकि खासमहल व गैरमजरुआ जमीन, नदी, नाला तालाब अंचल के अधीन आता है। जिला प्रशासन कार्रवाई को लेकर लिख के हमलोगो को आदेश दे तो हमलोग अतिक्रमण हटा देंगे। नगर निगम का मुख्य कार्य साफ-सफाई, पानी व टैक्स से सम्बंधित है। सरकारी जमीन पर अतिक्रमण बिना आदेश के हमलोग नहीं हटा सकते। आप समझ सकते है कि ये मामला कितना पेचीदा है। हमलोगो को चिट्ठी दिए चार माह हो गए हैं लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई तो हमलोग क्या कर सकते हैं।

## छोटे भाई ने बड़े भाई पर जमीन हड़पने का लगाया आरोप

### कहा, किडनी दे बचायी जान, फिर भी की बेईमानी



अपने परिवार के साथ समरेश पाल।

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** रिश्ते में विश्वासघात का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसमें बड़े भाई ने अपने छोटे भाई की लाखो की संपत्ति हड़प ली है। वो भी उस भाई की जिसने अपने बड़े भाई की जान बचाने के लिए अपना गुर्दा (किडनी) तक उसको दान कर दिया। बताया जाता है कि सदर प्रखंड अंतर्गत इमली कोठी, खिरगांव कुणाल हॉस्पिटल के सामने रहने वाले समरेश कु. पाल ने अपने बड़े भाई राजेश कु. पाल को वर्ष 2011 में बेली व्यू लन्दन स्ट्रीट अस्पताल कोलकाता में किडनी देकर उनकी जान बचाई थी। राजेश कु. पाल उस वक्त जिंदगी और मौत से जूझ रहे थे। समरेश ने उस वक्त किडनी दान करने की बात पत्नी रीना पाल को भी नहीं बताया था। ना ही उन्होंने पुत्री अनन्या कुमारी, अंतरा कुमारी, अक्षरा कुमारी, पुत्र अक्षत पाल की भी तनिक चिंता की।

**क्या कहते हैं समरेश :** मामले पर समरेश ने कहा कि मैं अगर अपना किडनी भाई को नही देता तो शायद हमारी मां कमला पाल जीवित नहीं रहती। मेरी मां बड़े भाई के बिना कतई नही रह सकती थी। हम भी उन्हें पिता तुल्य समझते थे। मैंने उसी स्थिति में किडनी दान कर अपने बड़े भाई को बहुत ही मुश्किलों से ठीक किया। इसी दौरान बड़े भाई ने धोखाधड़ी व बेईमानी कर सारे कागजात अपने पास रख लिए। बाद में जब संपति को लेकर उनसे बात की तो मुझे और मेरे परिवार को फर्जी केस में फंसा दिया जिसमें मैंने जीत हासिल की। अपनी समस्याओं के समाधान हेतु उन्होंने हजारीबाग उपायुक्त, प्रखंड के सीओ, जन शिकायत कोषांग के तहत नगर निगम अधिकारी, रजिस्ट्रार ऑफिस को लिखित आवेदन देकर विभागीय जांच कर दोषी पर कानूनी कार्यवाही करने की गुहार लगायी है।

## शिविर में पहुंच योजना का उठायें लाभ : अंबा

खबर मन्त्र संवाददाता

**भदानीनगर/बासल (रामगढ़)।** आपकी योजना आपकी सरकार-आपके द्वार के तहत चिकोर पंचायत व बलकुदरा पंचायत भवन में गुरूवार को विशेष शिविर लगाया गया। चिकोर में कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया सबिता तुरी व संचालन पंसस गीता देवी ने की। वहीं शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद, कार्यपालक दंडाधिकारी प्रभात दत्ता, पतरातू बीडीओ हलधर सेठी, रामफल बेदिया, गंगाधर महतो, उपमुखिया कृष्णा कुशवाहा, प्रमुख प्रतिनिधि सीताराम मुंडा, विधायक प्रतिनिधि राजू पांडेय व आजाद अंसारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान चिकोर पैक्स द्वारा 21 किसानों का रजिस्ट्रेशन किया गया। साथ ही छह किसानों का केसीसी फर्म भरा गया।



चकोर में आयोजित शिविर को संबोधित करतीं विधायक अंबा प्रसाद।

वहीं बलकुदरा पंचायत में आयोजित शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद, पतरातू सीओ शिव शंकर पांडेय, मुखिया विजय मुंडा, पंसस राजू मुंडा, दुर्गा सोरेन सेना रामगढ़ जिला सचिव नन्दकिशोर मुंडा, झामुमो नेता योगेंद्र यादव, कांग्रेस नेता कुलदीप यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर चंदा रानी, गुलचंद मुंडा सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थें। दोनो जगहों के शिविर में विभिन्न समस्याओं से संबंधित ग्रामीणों द्वारा दर्जनों आवेदन सौंपा गया। जिसमें कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया। शिविर में स्टॉल के माध्यम पशुधन विकास योजना, षि, पशुपालन, मनरेगा, कार्ड बनाने, विधवा, वृद्धा, विकलांग पेंशन, जन्म, मृत्यु प्रमाण-पत्र, बाल विकास परियोजना, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार, श्रम योजना, राज्य समाजिक सुरक्षा पेंशन, मुद्रा लोन आदि समस्याओं का समाधान किया गया। साथ ही दर्जनों लड़कियों को किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिया गया।

### झुमरा में सड़क हादसा, दो की मौत

**दारू।** दारू थाना अंतर्गत झुमरा तिलैया में छड़ लदा ट्रक बुधवार को करीब दो बजे रात में हाइवा वाहन से जा टकराया। इसमें ट्रक के चालक व उप चालक की मौत हो गई। चालक सचिन यादव और उप चालक राजकुमार यादव दोनों गिरिडीह जिला के जमुआ थाना के खूबरी गांव के रहने वाले थे।

## गुरुनानक जी के प्रकाशोत्सव पर गदका टीम ने दिखाये करतब



खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रीवर साईड भुरकुंडा स्थित गुरू सिंह सभा गुरूद्वारा के तत्वावधान श्री गुरूनानक देव जी महाराज के 553वें प्रकाशोत्सव पर बुधवार की देर निशाने खालसा ग्रुप पंजाब की टीम ने एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज करतब दिखाकर लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान सिर पर आग लगाकर कुछ मिनटों तक जमीन में लेटे रहना, माथे पर बर्फ की सिल्ली तुड़वाना, माथे में ड्रील मशीन घुसाने की कला, नुकीले भाले पर पेट के बल सोकर घूमना, ट्रैक्टर व बाइक को रस्सी के सहारे खिंचना, तलवार बाजी, अग्नि व अन्य करतब एवं कला का प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मौके पर विधायक अंबा प्रसाद, राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेन्द्र कुमार, बरका-सयाल जीएम अजय सिंह, भुरकुंडा पीओ मनोज कुमार पाठक, आजसू के केंद्रीय महासचिव रोशनलाल चौधरी, सतीश सिन्हा, दिलीप दांगी, सुखदेव प्रसाद, सतीश मोहन मिश्रा, नरेश मंडल, जगतार सिंह, प्रवीण राजगढ़िया, विश्वरंजन सिन्हा सहित दर्जनों लोग मौजूद थे। कार्यक्रम में भारी संख्या में पुहंचे लोगों ने भी गदका दल की खूब सराहना करते हुए उनका हौसला आफजाई किया।

## मांडू में भाजपा ने किया आक्रोश प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडू।** प्रदेश कमेटी के निर्देशानुसार मांडू प्रखंड मुख्यालय में गुरुवार को हेमंत सरकार की नीतियों के खिलाफ भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन मंडल अध्यक्ष तोकेश सिंह के नेतृत्व में आयोजित हुआ। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि हेमंत सरकार द्वारा लूट की छूट दी जा रही है। कहा कि हेमंत सोरेन को सरकार चलाने की अनुमति जनता ने दी थी ना कि यहां के खनिज संपदा से लेकर जमीन लूट की।



कार्यक्रम में शामिल भाजापा के नेता और कार्यकर्ता।

कहा कि राज्य में बलात्कार, हत्या जैसी जघन्य अपराध हो रहे हैं। मांडू विधायक व प्रदेश उपाध्यक्ष जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि मधु कोड़ा के शासनकाल में भ्रष्टाचार में शामिल मंत्री या तो जेल में हैं या तो न्यायालय का चक्कर काट रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष तोकेश सिंह ने की।

# कुजू की टीम ने पिपरवार को 1-0 से किया पराजित

## सीसीएल महाप्रबंधक ने कुजू क्षेत्र में तीन दिवसीय अंतर क्षेत्रीय हॉकी टूर्नामेंट का किया शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुजू।** सीसीएल कुजू क्षेत्र अंतर्गत आरा कोलियरी के जुबली मैदान में गुरुवार 10 नवंबर से तीन दिवसीय सीसीएल अंतर क्षेत्रीय हॉकी टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। टूर्नामेंट के उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि सीसीएल कुजू क्षेत्र के महाप्रबंधक चंद्रशेखर तिवारी थे। मौके पर सीसीएल के खेल प्रबंधक आदिल हुसैन मुख्य रूप से मौजूद थे। उक्त दोनों अतिथियों ने टूनार्मेंट का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर, टूनार्मेंट का ध्वजारोहण कर तथा उद्घाटन मैच खेलने वाले कुजू व पिपरवार दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।



मंचासीन महाप्रबंधक व अन्य।

मौके पर महाप्रबंधक चंद्रशेखर तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि सीसीएल महापरिवार केवल कोयला उत्पादन हीं नहीं करता, अभी तो समय समय पर कोयला कामगारों के मनोरंजन व उनके स्वास्थ्यवर्धन के लिए खेल प्रतियोगिताएं भी कराता है। उन्होंने इस टूनार्मेंट में भाग लेने वाले सभी 13 टीमों के खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ अपनी खेल प्रतिभा को दिखाने के लिए प्रेरित किया।

उद्घाटन मैच में कुजू क्षेत्र ने पिपरवार क्षेत्र को 1-0 से पराजित किया। कुजू की टीम ने पहले हाफ में हीं पिपरवार पर एक गोल दागकर अपनी बढ़त बनाई। मैच के दौरान पिपरवार की टीम ने भी उम्दा खेल का प्रदर्शन किया। पूरे मैच के दौरान पिपरवार व कुजू की टीम के खिलाड़ियों को पेनाल्टी शूट सहित कहीं अन्य मौके मिले परंतु दोनों टीमों के खिलाड़ी गेंद को गोल में परिवर्तित करने में सफल नहीं रहे। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार महाप्रबंधक चंद्रशेखर तिवारी के हाथों कुजू टीम को दिया गया गया। टूनार्मेंट का दूसरा मैच ढोरी बनाम हजारीबाग क्षेत्र के बीच खेला गया। जिसमें ढ़ोरी ने 2-1 से जीत दर्ज किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार वीरू सिंह को मिला। तीसरा मैच एनके बनाम अरगड्डा क्षेत्र के बीच खेला गया जिसमें एनके ने 5-0 से जीत दर्ज किया। मैन ऑफ द मैच यू डी बारा को मिला। चौथा मैच सयाल बनाम कथारा क्षेत्र के बीच खेला गया। इस मैच में सयाल ने कथारा को 3-0 से पराजित किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार संजय सोरेन ने प्राप्त किया। पांचवा मैच पुनः कुजू बनाम मगध आम्रपाली के बीच खेला गया। इस मैच में कुजू ने मगध- आम्रपाली को 5-0 पराजित किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार संतु को मिला। वहीं छठा मैच हजारीबाग बनाम आम्रपाली के बीच खेला गया। समाचार लिखे जाने तक हजारीबाग क्षेत्र 2 -0 से अपनी बढ़त बनाए हुए था।

### लाभुक ने पीएम आवास में राशि की मांग का लगाया आरोप

**टाटीझरिया।** झरपो के पीएम आवास के लाभुक रामलाल सिंह ने आरोप लगाया है कि बीएफटी चिंतामन प्रसाद रिश्वत के तौर पर पांच हजार रुपये मांगने पहुंचे थे। लाभुक के अनुसार वह उससे रुपये मांग रहे थे और बोले कि जब रुपये दोगे तब अगली किस्त भेजेंगे। लाभुक ने साफ कह दिया कि उसके पास रुपये नहीं है। इधर, इस संबंध में बीएफटी चिंतामन प्रसाद से पूछने पर कहा कि मेरे ऊपर लगाया गया यह आरोप बेबुनियाद है, इसमें तनिक भी सत्यता नहीं है। रामलाल बिल्कुल गरीब परिवार में से है। अब तक गिर चुके मिट्टी व खपरैल घर ही उसका सहारा था। उसके परिवार में पति-पत्नी व उनके तीन पुत्रियां हैं। उनका परिवार मजदूरी पर निर्भर है। ऐसे में उन्हें बहुत पहले आवास मिल जाना चाहिए था। अब मिला भी है तो ऐसे लोगों को सहयोग करने के बजाय परेशान करना गलत है।

एक नजर में

### भाजपाइयों ने किया टाटीझरिया प्रखंड मुख्यालय का घेराव

**टाटीझरिया।** भाजपा ने राज्य सरकार तथा प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार और अनियमितता के खिलाफ मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन का आयोजन किया। प्रर्दशन भाजपा कार्यालय से निकल कर प्रखंड मुख्यालय तक आक्रोश रैली निकाली। जुलूस बाद में प्रखंड मुख्यालय में सभा में तब्दील हो गया। सभा को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि पूरे राज्य में लुट खसोट मची है। शासन प्रशासन, कांग्रेस के नेता केवल वसुली में लगे हैं। वहीं मुख्यमंत्री के सभी रिश्तेदारों ने मलाई खाने में लगे हुए हैं।विकास योजनाओं, पेंशन, आवास, राशन, मोटेशन के नाम पर वसुली शुरू है । बिना पैसा के पदाधिकारियों का तबादला भी नहीं होता है। आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में जनता इस महागठबंधन की सरकार को उखाड फेंकने का काम करेगा।

### भाजपा किसान मोर्चा ने किया विरोध प्रदर्शन

**भदानीनगर (रामगढ़)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा झारखंड सरकार के खिलाफ गुरुवार को पतरातू प्रखंड मुख्यालय में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सन्नी कुशवाहा के नेतृत्व दर्जनो भाजपा कार्यकर्ता मतकमा चौक भुरकुंडा में एकत्रित हुए। यहां से मोटर साईकिल जुलूस के शक्ल में हेमंत सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रखंड मुख्यालय पतरातू के लिए रवाना हुए। विरोध-प्रदर्शन में सन्नी कुशवाहा, राजेंद्र मुंडा, शहजनाथ बेदिया, मिहिलाल बेदिया, हरिलाल महतो, फागू बेदिया सहित दर्जनों भाजपाई शामिल थें।

### वृद्ध व गरीबों के बीच कंबल वितरण

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव पंचायत भवन में झारखंड सरकार द्वारा आवंटित 150 कंबलों का वितरण मुखिया नीलम देवी की अध्यक्षता में किया गया। मुखिया नीलम देवी ने कहा कि गरीबों के लिए ठंड में कंबल उचित समय से किये जाने पर सरकार को बधाई देते हुए कहा कि कंबल वितरण वृद्ध व असहाय लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है।

### पदमा में हुआ सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

**पदमा।** रोमी पंचायत भवन में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ बरही विधानसभा के विधायक उमाशंकर अकेला प्रमुख बिना देवी अंचलाधिकारी मोहम्मद मुजाहिद अंसारी प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार विधायक प्रतिनिधि अनिल मेहता बीस सूत्री अध्यक्ष संजय यादव बीस सूत्री उपाध्यक्ष गौतम कुमार मेहता रोमी पंचायत के मुखिया गुड़िया मेहता के द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। बरही विधानसभा के विधायक सह निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला ने कहा कि झारखंड सरकार की सोच है कि योजना का लाभ गांव के आम गरीबों को मिले। इसके लिए आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम हो रहा है।

### योजनाओं का लाभ ले स्वावलंबी बनें : सुधा देवी

**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड के सेवई उत्तरी पंचायत के पंचायत सचिवालय में गुरुवार को आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार अभियान को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जिप अध्यक्ष सुधा देवी, विशिष्ठ अतिथि प्रमुख द्रोपति देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष जकाउल्लाह, पंचायत के मुखिया कुलदीप सिंह, उपाध्यक्ष लक्ष्मण महतो, राजेंद्र नाथ चौधरी, हाजी अख्तर आजाद, जगरनाथ महतो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि सरकार आपकी द्वारा गरीबों के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। पहले लोगो को बार बार प्रखंड कार्यालय का चक्कर काटना पड़ता था परंतु आपके गांव मोहल्लों में ही आपको सारा योजना पहुंचाया जा रहा है, इन योजनाओं का लाभ लेकर स्वावलंबी बने।

### चैंबर ने की अभद्र व्यवहार पर कार्रवाई की मांग

**वेस्ट बोकारो (रामगढ़)।** भदानी क्लोथ स्टोर के संचालक सह व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनोज भदानी और हिंदुस्तान मेडिकल के संचालक सह व्यापार मंडल के सचिव डॉ. इलियास के साथ बुधवार रात करीब नौ बजे असामाजिक तत्वों के द्वारा गाली गलौज और मनोज भदानी के कर्मी मो. काशिफ के साथ मारपीट के बाद पूरा व्यापार मंडल आक्रोशित हो गया। गुरुवार को अपने प्रतिष्ठान बंद कर वेस्ट बोकारो ओपी पहुंच कर आवेदन देते हुए आरोपियों के ऊपर सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की।

### जिप सदस्य ने कराया ध्यान आकृष्ट

**गिद्दी।** डीएमएफटी की बैठक में डाड़ी भाग एक के जिला परिषद सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि डाडी प्रखंड सर्वेश कुमार सिंह ने सांसद जयंत सिन्हा एवं उपायुक्त का कई विषयों पर ध्यान आकृष्ट कराया। डाडी में कौशल विकास के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना,डाडी भाग एक के तीन स्कूलों का जीर्णोद्धार, खपिया प्लस 2 स्कूल, भुरकुंडा हाई स्कूल, प्राथमिक विद्यालय रबोध, डाडी प्रखंड में एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना, रेलीगढा पूर्वी उप स्वास्थ्य केंद्र, कनकी उप स्वास्थ्य केंद्र, हुवाग उप स्वास्थ्य केंद्र के जीर्णोद्धार कराने की मांग की।

### कार्यपालक अभियंता का पद खाली : पंकज

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला संवेदक संघ के अध्यक्ष पंकज प्रसाद तिवारी द्वारा विज्ञप्ति जारी किया गया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि रामगढ़ जिला में ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, जिला परिषद में कार्यपालक अभियंता एवं नगर परिषद रामगढ़ में कार्यपालक पदाधिकारी के स्थाई पद पर किसी का पोस्टिंग नहीं होने के वजह से विकास कार्य काफी प्रभावित हो रहे हैं। कई बड़ी-बड़ी योजनाएं इन विभागों से संचालित हैं। लेकिन विगत ढाई महीने से कार्यपालक अभियंता का पदस्थापना नहीं होने के कारण कार्य की प्रगति धीमी हो गयी है।

### खेलकूद भी जीवन का अभिन्न अंग : डॉ. तिवारी

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जेएम कॉलेज भुरकुंडा में बुधवार से चल रहे विभावि अंतर महाविद्यालय दो दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का गुरूवार को समापन हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ टीम मैनेजर सीके पांडेय, जेएम कॉलेज के प्राचार्य डॉ.विद्यानंद तिवारी व स्पोर्ट्स को-अर्डिनेटर कमल सेठ ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर प्राचार्य विद्यानंद तिवारी ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी बेहतर प्रदर्शन कर करियर बनाया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थी देश के भविष्य हैं इनके सर्वांगीण विकास के लिए कॉलेज प्रबंधन हर सार्थक कदम उठाता रहेगा। ताकि विद्यार्थी हर क्षेत्र में अव्वल बन सकें। फाइनल मैच के पुरूष वर्ग में संत कोलंबा के नितिन राज सिंगर ने भास्कर गुप्ता को और संत कोलंबा की रक्षित सहाय ने डौली को हराकर चैम्पियन बनने का गौरव पाया। विजेता-उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए प्राचार्य विद्यानंद तिवारी ने कहा कि हार और जीत खेल का पहलू होता है, इससे हताश होने की जरूरत नहीं है। बताया गया कि आगामी 28-29 नवंबर को विनोबा भावे यूनिवर्सिटी द्वारा जेएम कॉलेज में इंटर महाविद्यालय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

### एंगलाइज स्कूल में कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित ए ला एंगलाइज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गुरूवार को कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। इसका उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि जुबिली कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरके दास व विद्यालय के प्राचार्य विजयंत कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित व फीता काटकर किया। साथ ही प्राचार्य श्री दास व विजयंत कुमार, स्कूल के सचिव डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर, प्राचार्य विजयंत कुमार, जेएम कॉलेज के प्रो.बीके सिंह, प्रो.गिरधर पाठक, प्रो. जेडी सिंह, प्रो.एनके सिंह आदि अतिथियों ने कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विभिन्न मॉडलों का अवलोकन कर सराहना की। मुख्य अतिथि डॉ.आरके दास ने कहा कि हमारे जीवन में विज्ञान का अहम रोल होता है। यहां के विद्यार्थियों का कोई सानी नहीं है।

स्पीड न्यूज

## युवक ने घर में फांसी लगा की आत्महत्या

घाघरा। घाघरा थाना क्षेत्र के शिवसैरेंग ग्राम निवासी 18 वर्षीय अतीत विल्सन मिंज ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की मां अभिंता मिंज ने बताया कि बुधवार को वह खेत में काम करने गई थी। अतीत घर पर अकेला था। दोपहर 2 बजे अतीत की मां खेत से घर आकर अतीत को खाना दी। जिसके बाद पुनः खेत चली गई। खेत से देर शाम घर लौटी तो अतीत को खोजने लगी नहीं मिलने पर घर के सभी कमरे में जाकर देखा तो अतीत अपने कमरे में रस्सी के सहारे झूल रहा था। जिसके बाद इसकी सूचना घाघरा थाना को दी गई। जिसके बाद गुरुवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

## वेयर हाउस का डीसी ने किया निरीक्षण



गुमला। ईवीएम वेयर हाउस का उपायुक्त ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ गुरूवार को निरीक्षण किया। उपायुक्त ने ईवीएम वेयर हाउस के विधि व्यवस्था से संबंधित आवश्यक पहलुओं की जांच की। ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी गुलाम सामदानी से लिया। उन्होंने वेयर हाउस में रखे ईवीएम मशीन, सीसीटीवी कैमरे एवं अन्य उपकरणों की स्थिति तथा रख रखाव का भी जायजा लिया।

## अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने आठ योजनाओं का किया उदघाटन



गुमला। नगर परिषद के द्वारा शहर में किये गये विभिन्न कार्यों का गुरूवार को नप अध्यक्ष दीपनारायण उरांव, उपाध्यक्ष मो. कलीम अख्तर व वार्ड पार्षदों ने उदघाटन किया। सबसे पहले वार्ड नंबर 15 के बस स्टैंड में बने टिकट काउंटर और छोटे छोटे दुकान का उदघाटन किया गया। वहीं बस स्टैंड में पेयजल व्यवस्था का भी उदघाटन किया गया। वहीं लायंस क्लब के पास नाली निर्माण कार्य , वार्ड नंबर 20 में बडाईक मुहल्ला में अखडा निर्माण कार्य, वार्ड नबरं 19 में पुगु नदी से काली मंदिर के पास ग्रीन जोन एरिया निर्माण कार्य, पुगु नदी काली मंदिर के पास नाली निर्माण कार्य, वार्ड नंबर 22 के सरना टोली में पीसीसी सड़क निर्माण कार्य, वार्ड नंबर 2 स्थित रॉक गार्डन में जनरेटर रूम का उदघाटन किया गया।

## पूर्व मुखिया की मौत की हो जांच : भाजपा

गुमला। भदौली की पूर्व मुखिया भाजपा संगठन में सिसई मंडल की पूर्व उपाध्यक्ष रेणु उरांव के संदेहास्पद स्थिति में मौत की निष्पक्ष तरीके से जांच की मांग भाजपा परिवार गुमला ने जिला प्रशासन से की है। गुमला जिला भाजपा ने रेणु उरांव की मौत पर शोक संवेदना प्रकट कर मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। शोक प्रकट करने वालों में जिलाध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी, सांसद सुदर्शन भगत, समीर उरांव, डॉ दिनेश उरांव,डॉ अरुण उरांव,प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू, पूर्व विधायक जीतवाहन बड़ाइक,जिप अध्यक्ष किरणमाला बाड़ा, रविंद्र सिन्हा, शिवदयाल गोप, चितरंजन मिश्रा, शकुंतला उरांव आदि के नाम शामिल है।

## फरार वारंटी गिरफ्तार

गुमला। बिशुनपुर थाना के द्वारा 8 साल से फरार चल रहे लाल वारंटी मानव तस्करी के आरोपी अहतु थाना कांड संख्या -04/14 अजित कुमार महतो को बनारी से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गुरूवार को जेल भेजा दिया। पुअनि घनश्याम कुमार रवि ने बताया कि अजित महतो एक सक्रिय मानव तस्करी करने वाला अपराधी है। जो अपना पता बदलकर दिल्ली मे प्लेसमेंट एजेंसी चलाकर गुमला, खूंटी, लातेहार, लोहरदगा की लड़के व लड़कियों को काम पर लगाने का काम करता था। इनके विरुद्ध अहतु थाना गुमला में 2, अहतु थाना खूंटी तथा हरी नगर थाना दिल्ली में भी मामला दर्ज है।

# सेमी फाइनल में पहुंचा ग्लेडिएटर, फेंलकॉन्स व स्ट्राइकर

## गेट टूगेदर क्रिकेट प्रतियोगिता के चौथे सेमीफाइनलिस्ट का चयन आज

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। गेट टू गेदर क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में बेहतर प्रदर्शन करते हुए ग्लेडिएटर, फेंलकॉन्स व रॉयल स्ट्राईकर की टीम पहुंच चुकी है। जबकि सेमीफाइनल में चौथा टीम शुक्रवार को होने वाले मैच के बाद पहुंचेगा। गुरूवार को चौथे दिन लीग चरण के तीन मैच खेले गये। जिसमें पहला मैच फेंलकॉन्स व सुपर स्टारर्स के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर सुपर स्टार्स की टीम ने फेंलकॉन्स की टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। निर्धारित दस ओवरों में बल्लेबाजी करते हुए फेंलकॉन्स की टीम ने तीन विकेट खोकर 105 रन बनाये। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी सुपर स्टारर्स की टीम 65 रन में आल आउट हो गई। फेलकॉन्स की टीम 40 रन से मैच जीत लिया। इस मैच में 4 विकेट लेने वाले खिलाड़ी अंकित को मैन ऑफ दी मैच चुना गया। दूसरा मैच रियल टाईगर व रॉयल स्ट्राईकर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रियल टाईगर की टीम ने निर्धारित दस ओवर में 71 रन बनाये। जवाबी पारी खेलने उतरी रॉयल स्ट्राईकर की टीम 7 ओवर में पांच विकेट खोकर मैच जीत लिया। रॉयल स्ट्राईकर टीम की ओर से बेहतर प्रदर्शन करने वाले कमल पठान को मैन ऑफ दी मैच चुना गया। तीसरा मैच रॉयल लाइंस व गलेडिएटर टीम के बीच खेला गया। ग्लेडिएटर की टीम टॉस जीतकर रॉयल लाइंस को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रॉयल लाइंस की टीम निर्धारित दस ओवर में 90 रन बनाये। जवाबी पारी खेलने उतरी ग्लेडिएटर की टीम 9 ओवर एक बॉल में मैच जीत लिया। ग्लेडिएटर टीम की ओर से 19 गेंदों में शानदार 46 रन बनाने वाले रिषभ कुमार सिंह को मैन ऑफ दी मैच चुना गया। इस अवसर पर सुनिल कुमार, सौरभ विश्वकर्मा, ज्ञान कुमार, ओम सिंह, मनोज कुमार, अमित एक्का, विकास सिंह, आकाश आनंद आदि उपस्थित थे।



रॉयल स्ट्राइकर टीम के खिलाड़ी ।



मैन ऑफ दी मैच का पुरस्कार ग्रहण करते अंकित।

# पोस्ते व भांग की अवैध खेती पर रखें निगरानी

**नशीले पदार्थ के व्यापार पर रोक लगाने के लिए डीसी ने दिया निर्देश**

खबर मन्त्र संवाददाता



गुमला। उपायुक्त सुशांत गौरव ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग और नशीले पदार्थों के व्यापार को रोकने के लिए विभिन्न उपायों पर चर्चा करने के लिए नार्को समन्वय केंद्र (एनसीओआरडी) के तहत जिला स्तरीय समिति की बैठक की। बैठक के दौरान जिले में नशामुक्ति की घटनाओं, नशा करने वालों के आयु वर्ग, चिंता के क्षेत्रों, नशीली दवाओं के उपयोग के हॉट स्पॉट और अवैध पोस्त, भांग की खेती से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की गई। बैठक में उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों से विवरणी प्रतिवेदन की मांग भी की। जिले में नशीली दवाओं के खतरे और अवैध पोस्त, भांग की खेती को नियंत्रित करने हेतु विभिन्न उपायों के बारे में चर्चा करते हुए आवश्यक निर्णय लिये गये। बैठक में निर्णय लिया गया कि समिति के एजेंडे की अधिक से अधिक सफलता के लिए नशीले पदार्थों की तस्करी के रुझानों के बारे में खुफिया जानकारी व सूचना का आदान-प्रदान समिति के सदस्यों के बीच साझा किया जाना चाहिए। उपायुक्त ने पोस्त या भांग की फसल की अवैध खेती की निगरानी के लिए आग्रह किया। उन्होंने सभी हितधारकों से कहा कि वे जिले के सभी ब्लॉकों में विशेष रूप से नशा प्रवण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान शुरू करें। जिसमें संबंधित क्षेत्रों में पीआरआई, स्कूली बच्चे और स्थानीय लोग शामिल हों। उन्होंने जिले में मादक फसलों की अवैध खेती से प्रभावित क्षेत्रों में वैकल्पिक विकास कार्यक्रमों को लागू करने के लिए भी कहा। एसपी ऐहतेशाम वकारिब ने जिले में नशीली दवाओं के खतरे को रोकने के लिए किए गए उपायों के बारे में जानकारी दी। बैठक में नशीली दवा का पता लगाने के लिए उपकरणों की आवश्यकताओं का आकलन करने और उसी की मांग के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने पर चर्चा हुई। बैठक में एसडीओ गुमला सदर रवि जैन, एसडीओ चैनपुर, बसिया, जिला कृषि पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## स्टॉल में पुराने जॉब कार्ड देख कर भड़के उपायुक्त

जारी। आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम के दूसरे चरण में जारी प्रखंड के सिकरी पंचायत के अंबाटोली गांव में शिविर लगा। उपायुक्त सुशांत गौरव ने शिविर में लगे सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया। मनरेगा स्टॉल पर पुराने जॉब कार्ड देखकर उपायुक्त ने रोजगार सेवक रंजीत उरांव को फटकार लगाया। उपायुक्त ने कहा कि शिविर में प्रखंड कर्मी पिकनिक मनाने नहीं आये वे लोगों की समस्या का समाधान करें। उपायुक्त जमीन पर बैठ कर लोगों की समस्या सुनी। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की अभियान की पूर्व सफलता तब संभव है जब अधिक से अधिक नागरिक इससे लाभन्वित होंगे। इसके लिए कर्मचारियों को पूर्व की भांति पूरी निष्ठा से कार्य करना होगा। ग्रामीणों से भी अपील किया कि यह उनके लिए बहुत अच्छा अवसर होता है। जब उन्हें कार्यालय आए बिना ही अपने समस्याओं के समाधान का हल उनके ही द्वार पर मिल रहा है।

## प्रखंड अध्यक्ष हर बूथ पर जोड़ें दस सदस्य: कार्तिक



गुमला। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आजाद अंसारी के नेतृत्व में यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो कार्यक्रम को लेकर जिला कार्यकारणी समिति की बैठक गुरूवार को स्थानीय परिसदन में सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य रूप से जिला प्रभारी कार्तिक कुजुर उपस्थित थे। जिला प्रभारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पुरानी पार्टी है। जिला कमेटी के पदाधिकारी और प्रखंड अध्यक्ष हर पंचायत और बूथ में कम से कम दस युवाओं को जोड़ें और आने वाले 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। जिला अध्यक्ष आजाद अंसारी ने कहा कि आज देश के युवा बेरोजगारी की समस्या से झूझ रहे हैं। मोदी सरकार युवाओं को रोजगार देने में विफल साबित हुई है। मोदी की नाकामियों को हर बूथ पर जाकर युवा कांग्रेस उजगार करने का काम करेगी और हर बूथ पर 10 युवाओं को जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम के पश्चात वरिष्ठ पत्रकार अजीत सोनी के निधन पर उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष अंजलिनता बाड़ा, जिला महासचिव मंगलेश्वर बा, सिसई विधानसभा अध्यक्ष नीलेश उरांव, विशुनपुर विधानसभा उपाध्यक्ष आदित्य भगत, नगर अध्यक्ष सैहुन टोप्पो, प्रखंड अध्यक्ष रोहित एक्का, मिलकुस बाड़ा, सादाब अंसारी, बसंत उरांव, गैंदरा उरांव, आदित्य मिंज, सतपाल सिंह, दीपू,नयन तिर्की, रब्बानी अंसारी,दीपक राम, सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# लंबित कांडों का शीघ्र करें निष्पादन : एसपी

**उत्कृष्ट कार्य करने वाले 11 पुलिस अधिकारी और कर्मी हुए पुरस्कृत**



गुमला। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ऐहतेशाम वकारिव की अध्यक्षता में गुरूवार को पुलिस लाइन चंदाली में अपराध गोष्ठी व पुलिस सभा का आयोजन किया गया। जिसमें लंबित कांड को पुरा करने का निर्देश एसपी ने दिया। वहीं वारंट कुर्की से संबंधित निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले 11 पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों को पुरस्कृत किया गया। बैठक में उग्रवादियों से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए क्षेत्र में सर्च अभियान लगातार चलाने पर जोर दिया गया। अवैध रूप से शराब कोरेक्स गांजा इत्यादि मादक पदार्थों की बिक्री करने वाले एवं तस्करी करने वाले के अड्डों पर एवं किन लोगों के द्वारा किया जाता है का चिन्हित कर कार्रवाई करने का निर्देश सभी थाना प्रभारी को दिया गया। वाहन दुर्घटना, वाहन चोरी एवं अपराध को रोकने के लिए सभी थाना प्रभारी को समय-समय पर स्थान बदल बदल कर वाहन चेकिंग करने का निर्देश दिया। जेल से छूटे अपराधियों पर कड़ी नजर रखकर निगरानी रखने का भी निर्देश दिया। सभी थाना प्रभारी को गाँव में जाकर पुलिस पब्लिक बैठक करना एवं गांव वाले के साथ मित्रवत व्यवहार रखने का निर्देश दिया । गुमला को अपराधमुक्त जिला बनाने के लिये जनता से सहयोग करने का आग्रह किया गया।

# भ्रष्टाचार में डूबी है सरकार : प्रवीण

खबर मन्त्र संवाददाता



लोहरदगा। जिला भाजपा द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को कैरो और भंडरा प्रखंड के पदाधिकारी , कार्यकर्ता नेताओं की उपस्थिति में प्रखंड कार्यालय के समीप जन आक्रोश रैली प्रदर्शन आयोजित की गई । भंडरा प्रखंड में मुख्य रूप से पूर्व विधान पार्षद प्रवीण सिंह, बिंदेश्वर उराँव, सूरजमोहन साहू एवं कैरो प्रखंड में जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह,अजय पंकज अन्य उपस्थित रहे। दोनों प्रखंडों में भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने तख्ती बैनर झंडा के साथ कार्यकर्ता शामिल होकर अंचल कार्यालय को घेरा। रैली के दौरान भंडरा में पूर्व विधानपार्षद प्रवीण सिंह प्रदर्शन के दौरान संबोधित करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। इस सरकार में पूरे राज्य घर में मुख्यमंत्री की संरक्षण में जनविरोधी नीति चल रही है एवं चारों और भय भ्रष्टाचार तुष्टीकरण की नीति राजनीति हत्या का माहौल व्याप्त है। इस सरकार को जनता के दुख दर्द एवं उनकी आवश्यकताओं से लेना-देना नहीं रह गया है, इनको केवल ट्रांसफर पोस्टिंग का उद्योग चलाना है। इधर कैरो में आयोजित कार्यक्रम में मनीर उरांव ने सरकार पर जोरदार हमला करते हुए कहा कि युवा मुर्गी पालो, मछली बेचो, सरकार झारखंड की खनिज संपदा बेचेगी। वर्तमान झारखंड की गठबंधन सरकार ने आम जनता को ठगने के अलावे कुछ नही किया।बल्कि केन्द्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को बंद करने का काम किया है।प्रधानमंत्री आवास योजना में पचास हजार रुपए देने का घोषणा कर चुनाव जीतकर सरकार बनाया। ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि झारखंड में सरकार अवैध खनन से करोड़ो का मलाई खा लिया।

# मिशन बदलाव के सदस्यों के खिलाफ प्रशासन रच रहा है षडयंत्र : भूषण

खबर मन्त्र संवाददाता



**राजनीतिक संस्था बताकर एक सदस्य को एसडीओ ने बीएलओ पद से हटाया : भूषण**

गुमला। सामाजिक कार्यों व अंतिम व्यक्ति के उत्थान में जुटे सामाजिक संस्था मिशन बदलाव के कार्यकर्ताओं पर जिला प्रशासन के द्वारा षडयंत्र के तहत किये जा रहे कार्रवाई को लेकर संस्था के सदस्यों में आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में गुरूवार को होटल बिंदेश में प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए मिशन बदलाव के जिला संयोजक भूषण भगत ने कहा कि बिना किसी सबूत के गुमला के पूर्व एसडीओ रवि आनंद के द्वारा मिशन बदलाव को एक राजनीतिक संगठन करार देते हुए संस्था के एक कार्यकर्ता को बीएलओ के पद से हटा दिया गया है जो मानव सेवा कार्य से जुड़े संस्था के सदस्यों के जज्बा पर कुठाराघात है। भूषण भगत ने कहा कि उनकी संस्था राजनीतिक दल के रूप में कहीं भी रजिस्ट्रड नहीं है। फिर भी किसी के बहकावे में आकर प्रशासन का ऐसा कदम उठाना समझ से परे है। उन्होंने कहा कि संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ ऐसा किया जाता है तो मिशन बदलाव जोरदार आंदोलन को बाध्य होगा और कार्यकर्ताओं की भावनाओं की रक्षा के लिए हर फोर्म के दरवाजे को खटखटा सकती है। मिशन बदलाव के सैयदा खातुन ने कहा कि उसपर गलत आरोप लगाकर बीएलओ के पद से हटाया गया है। सैयदा ने कहा कि मिशन बदलाव सुदूर क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों के लिए कार्य कर रही है। उनके दर्द को अपना दर्द समझकर उनकी बातों को प्रशासन तक पहुंचा रही है फिर भी प्रशासन गलत तथ्य प्रस्तुत कर उसे मानसिक रूप से पीड़ा दे रहा है। नशापान, डायन बिसाही, सामाजिक कुरीतियों, विकास से वंचित लोगों को सहायता पहुंचाने की दिशा में मिशन बदलाव काम कर रही है। इस अवसर पर जितेश मिंज, प्रणव प्रताप सिंह, प्रदीप गुप्ता, अशोक तिग्गा, चंद्रकला, बिमला मिंज, ज्योति वर्मा, ज्योति ग्लोरिया कुजूर आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### सेन्हा में पति ने पीटकर पत्नी की हत्या की



लोहरदगा। सेन्हा थाना क्षेत्र के उगरा कटहल टोली में एक पति ने अपनी पत्नी को डंडे से मार कर जान ले ली है। पत्नी की हत्या के पश्चात पति फरार हो गया है। सेन्हा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी अनुसार सेन्हा थाना क्षेत्र के उगरा पंचायत स्थित कटहर टोली में अपने पत्नी की हत्या कर पति फरार हो गया।घटना की सूचना पर गुरुवार सुबह सेन्हा थाना प्रभारी ऋषिकांत, सअनि राजेश शर्मा दलबल के साथ घटनास्थल पहुंच, शव को कब्जे में लेते हुए अग्रतर कारवाई में जुट गई है । जानकारी अनुसार गोकुल महली अपनी पत्नी रीता देवी के साथ अक्सर मार-पीट करता रहता था। मारपीट को ले 5 माह पूर्व पंचायत जनप्रतिनिधियों के समक्ष पंचायती हुई थी। उसने आगे से गलती नही करने की बात कही थी। इसके बाद भी वह जब-जब शराब पीता था तब-तब पत्नी के साथ मारपीट किया करता था। अय्याश व शराबी प्रवृति का व्यक्ति था।घटना की सूचना पर पंचायत की मुखिया बसंती देवी, पंचायत समिति सदस्य अफसाना खातून मृतक के घर पहुंच घटना की निंदा करते हुए बताया कि पूर्व से ही पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था। इसको लेकर पूर्व में समझाया गया था। इसके बावजूद भी गोकुल अप्रिय घटना को अंजाम देकर फरार हो गया है।

### लोहरदगा में यूथ कांग्रेस कमेटी का विस्तार

लोहरदगा। युवा कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो कार्यक्रम का आयोजन जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग के नेतृत्व में किया गया।मौके पर राष्टीय सचिव अभिनव सिद्धार्थ जिला प्रभारी इमरान खान ,एवं सहप्रभारी डॉ अंजेला कुजूर मौजूद थे। राजेंद्र भवन कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी इमरान खान ने कहा कि यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो कार्यक्रम से लोहरदगा जिला में कांग्रेस मजबूत होगी और प्रखंड पंचायत एवं नगर में जल्द से जल्द बूथ कमिटी तैयार करने को लेकर सभी पदाधिकारियों को अलग अलग टास्क दिया और पार्टी की विचारधारा से लोगों को जोड़ने को कहा ।मौके पर सहप्रभारी डॉ अंजेला कुजूर ने कहा कि नवनियुक्त पदाधिकारी समर्पित होकर कार्य करें । अपने अपने क्षेत्र में जाकर के अधिक से अधिक संख्या में युवाओं को जोड़ने का काम करें। जिससे पार्टी को मजबूती मिलेगी और 2024 में केंद्र में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनेगी। कार्यक्रम में नवनियक्त पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुष्पगुच्छा देकर सम्मानित किया गया। जिनमें नगर अध्यक्ष तौसीफ आलम, नगर उपाध्यक्ष मुशर्रफ रजा, भंडरा प्रखंड अध्यक्ष महफूज अंसारी,पेशरार प्रखंड अध्यक्ष जय प्रकाश गुप्ता, कुडू प्रखंड पूर्वी गणेश उरांव, कुडू पश्चिमी विनोद भगत, कैरो तिला उरांव, लोहरदगा अजय मुंडा, किस्को का अध्यक्ष फैयाज अंसारी को बनाया गया। मौके पर उपाध्यक्ष गुलाम जिलानी, विधानसभा उपाध्यक्ष लाल विकास सहदेव,जिला महासचिव काविस जयसवाल,साहिल अख्तर,विनोद भगत, हरि भगत,रोहित प्रजापति,रंजीत लकड़ा,जयनाथ उरांव,विक्रम सिंह मनीष शर्मा आदि उपस्थित थे।

### 9 से 29 नवंबर तक मतदाता पुनरीक्षण

लोहरदगा। जिले में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2023 के दौरान स्पेशल कैंपेन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। उप निर्वाचन पदाधिकारी नारायण राम ने बताया कि पहला सप्ताह 09 से 15 नवंबर तक बीएलओ संबंधित छूटे हुए समुदाय/अपार्टमेंट/टाउनशिप में शिविर लगायेंगे।दूसरा सप्ताह 16 से 22 नवंबर में सभी कोटि के प्लस टू विद्यालयों में मतदाता रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन किया जायेगा। तीसरा सप्ताह 23 से 29 नवंबर तक सभी महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों में मतदाता रजिस्ट्रेशन कैंप/नाम सत्यापन कैंप का आयोजन किया जायेगा।

### झारखंड के इतिहास में महत्वपूर्ण दिन होगा आज : आलोक

लोहरदगा। जिला कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने कहा कि 11 नवंबर झारखंड के इतिहास में महत्वपूर्ण दिन होगा ।इस दिन राज्य के कांग्रेस नीत यूपीए गठबंधन की सरकार विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर झारखंड के चिर परिचित मांग 1932 खतियान आधारित स्थानीयता विधेयक एवं पिछड़ी जातियों को 27% आरक्षण विधेयक पारित करने जा रही है। सरकार का यह स्वागत योग्य कदम है तथा सरकार झारखंड के आदिवासी एवं मूलवासियों को न्याय देने का काम कर रही है। श्री साहू ने कहा कि यूपीए गठबंधन की सरकार जो वादा जनता से किया है वह पूरा करते जा रही है। 1932 खतियान आधारित स्थानीयता एवं 27% पिछड़ी जातियों को आरक्षण देने का मामला को राज्य सरकार ने पहले ही कैबिनेट से पास कर दिया है। श्री साहू ने कहा कि इससे पहले भी झारखंड की यूपीए सरकार ने सरना धर्म के मानने वाले आदिवासियों के चिर परिचित मांग जनगणना कॉलम में सरना कोड लागू हो उसके लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार के पास भेज दिया है।

### गुमला में अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन आयोजित



गुमला। साहित्यिक संस्था पैगाम अदब के तत्वधान में इस्लामपुर चौक में अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन सह मुशायरे का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विदेश के कई नामचीन शायरों ने शिरकत की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष दीप नारायण उरांव ने कहा कि साहित्य आत्मा के अंदर से उठती हुई आवाज का नाम है। साहित्य व्यक्ति की भावनाओं को भाषा देने का काम करता है। हर व्यक्ति के जीवन में साहित्य होता है। केवल उसे पहचानने की आवश्यकता है। अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन के संबंध में उन्होंने कहा कि गुमला में पहली बार कोई अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम देखने को मिल रहा है यह गुमला का सौभाग्य और गुमला की पहचान है। विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष नगर परिषद कलीम अख्तर कल्लन ने कहा कि गुमला में गंगा जमुनी तहजीब कि इतनी मजबूत नीव है जिसे तोड़ना आसान नहीं है। हिंदू मुस्लिम एकता का जीवंत उदाहरण इस अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन में देखने को मिल रहा है। कांग्रेस के वरीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने कहा कि जिस तरह उनके नाम में चीनी का शब्द शामिल है उर्दू भाषा में भी उसी तरह की मिठास है। उन्होंने कहा कि भाषा कोई भी हो किसी भी धर्म या मजहब की जागीर नहीं होती। कार्यक्रम में खाड़ी देश बहरीन से आए अनवर कमाल ने अपनी शायरी का कमाल दिखाया। उन्होने अपनी कई गजलें लोगों के सामने प्रस्तुत की। जमशेदपुर से आए हुए दिलशाद नज्मी, गया से आए हुए प्रवीण परिमल, भागलपुर से आए हुए जीशान भागलपुरी ने अपने अपने अंदाज की बेहतरीन गजलें व नज्में प्रस्तुत की। वही पटना से आई कवयित्री श्वेता गजल और जमशेदपुर से आई हुई शोभा किरण इनायत ने भी अपनी बेहतरीन रचनाएं सुनाकर श्रोताओं को मंत्र मुक्त कर दिया। कार्यक्रम में स्थानीय कवि रिजवान अस्दकी, कमर गयावी, जमील खान, जबीउल्लाह जानी, चांद मंजर, अफरोज सागर, फिरोज आलम, एजाज अहमद, जफर इकबाल व फिरोज खान ने अपनी रचना सुनाई। श्रोताओं में मनीष हिंदुस्तान, अनिल मिश्रा, अफरोज आलम, संजय कुमार, जमील अख्तर लल्लन साहित कई लोग मौजूद थे।

# चकला प्लांट में स्क्रैप कटिंग व ट्रांसपोर्टिंग के विरोध में उतरे मैन पॉवर कर्मी

## स्क्रैप कटिंग और ट्रांसपोर्टिंग कार्य को कराया बंद, घंटों किया आंदोलन

खबर मन्त्र संवाददाता


विरोध करते कर्मचारी


आंदालन कर रहे लोगों को समझाने का प्रयास करते अधिकारी

**चंदवा।** चंदवा के बाना चकला स्थित लंबे समय से बंद पड़े अभिजीत (आरसील) पावर प्लांट के लिक्विडेशन में जाने व एनसीएलटी के द्वारा स्क्रैप घोषित किये जाने बाद पहले पेज में स्क्रैप कटिंग का नीलामी लेने वाली कम्पनी के द्वारा इन दिनों प्लांट में जोरों के साथ स्क्रैप कटिंग व ट्रांसपोर्टिंग कराया जा रहा है। स्क्रैप कटिंग का काम शुरू होने के बाद से ही प्लांट में कार्यरत मैन पावर कर्मियों एवं रैयत जिनका भुगतान बकाया है उनके द्वारा स्क्रैप कटिंग व परिवहन कार्य को अवैध बताते हुए लगातार आंदोलन किया जा रहा है। गुरुवार को सैकड़ों की संख्या में मैन पावर कर्मचारियों एवं रैयतों ने उग्र आंदोलन करते हुई स्क्रैप कटिंग व ट्रांसपोर्टिंग कार्य को ठप करा दिया साथ हीं प्लांट स्थित कंपनी के कार्यालय के समक्ष जमकर रोष प्रदर्शन किया। इस दौरान बिस्थापित रैयतों एवं मैन पावर कर्मचारियों ने प्लांट हेड बीसी साहू व स्क्रैपर कम्पनी पर गम्भीर आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की व कर्मचारियों के बकाए वेतन, पीएफ, एनसीएलटी कोर्ट का आदेश दिखाने आदि मांग की। इधर विरोध आंदोलन की सूचना के बाद पुनि सह थाना प्रभारी मदन शर्मा की अगुवाई में चंदवा पुलिस की टीम प्लांट पहुंची व प्लांट हेड बीसी साहू के साथ प्रदर्शन कर रहे लोगो को समझाने का प्रयास किया लेकिन प्रदर्शन कर रहे कर्मी किसी भी बात को सुनने से इंकार कर दिया।

### मैन पॉवर कर्मियों व विस्थापित रैयतों ने लगाया गंभीर आरोप

आंदोलन के दौरान मेन पावर कर्मचारियों, विस्थापित रैयतों ने प्लांट के अधिकारियों एवं स्क्रैपर कम्पनी पर गम्भीर आरोप लगाया। उनका आरोप था कि प्लांट के अधिकारी व स्क्रैपर कम्पनी मिली भगत कर गलत तरीके से प्लांट के कीमती संयंत्रों को स्क्रैप के नाम पर निकाल रहे हैं। स्क्रैप कटिंग से संबंधित एनसीएलटी कोर्ट द्वारा जारी किये गए निर्देश को कॉपी भी उन्हें नही दिखाया जा रहा है व विरोध करने पर स्क्रैप कटिंग कर रही कम्पनी द्वारा उन्हें घमकी भी दी जा रही है। साथ हीं 10 वर्षों से पीएफ बकाया व बकाए वेतन का भुगतान भी नही किया जा रहा है व 20 प्रतिशत बकाया भुगतान कर जबरन बांड भी भरवाया जा रहा है।

**आंदोलनकारियों के सवालों का जवाब देने में असहज नजर आए प्लांट हेड:** इधर आंदोलन के दौरान विस्थापित रैयतों एवं मैन पावर कर्मचारियों के द्वारा प्लांट हेड बीसी साहू से कई तीखे सवाल किए गए। पूछे गए तीखे सवालों का जवाब देने में प्लांट हेड बीसी साहू असहज नजर आए। जिस कारण कई बार उन्हें लोगों के भारी विरोध का भी सामना करना।

**अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के वार्ता के बाद आंदोलन हुआ समाप्त:** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष मिश्रा प्लांट पहुंचे व कर्मचारियों व विस्थापित रैयतों के प्रतिनिधि मंडल, मुखिया रंजीता एक्का के साथ वार्ता की। इस दौरान एसडीपीओ ने लोगो से किसी भी परिस्थिति में कानून को हांथ में नही लेने व संवैधानिक तरीके से आंदोलन करने की बात कही। एसडीपीओ ने कहा कि आपसभी के प्रस्तावों व बातों पर गम्भीरता से विचार किया जायेगा, पूरी प्रक्रिया क्या है, इसकी जांच पड़ताल के लिए कुछ दिनों का समय दिया जाए। जिसके बाद आंदोलनरत मैन पावर कर्मचारी व विस्थापित रैयत उनकी बात को मान गए व आंदोलन को समाप्त कर दिया। हालांकि आंदोलनकारी स्क्रैप कटिंग व ट्रांसपोर्टिंग कार्य नही रुकने के निर्णय को लेकर असंतुष्ट नजर आए। खबर लिखे जाने तक कार्य ठप था। मौके पर मैन पावर कर्मी, विस्थापित रैयत व अन्य लोग मौजूद थे।

### स्क्रैप के नाम पर घोटाले को दिया जा रहा है अंजाम: ग्रामीण

इस दौरान मेन पावर कर्मचारियों वह विस्थापित रैयतों में स्क्रैप कटिंग के आड़ में बड़े घोटाले को अंजाम देने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने कहा कि स्क्रैपर कंपनी को पहले फेज में फेज जमीन पर पड़ा हुआ सामग्री उठाव करने का करना है, लेकिन मिलीभगत से करोड़ो के कीमती संयंत्र को कबाड़ के भाव मे गलत तरीके से उठाव किया जा रहा है। आंदोलन कर रहे लोगों ने केंद्र व राज्य सरकार के साथ केंद्रीय एजेंसियों से मामले की जांच करने की भी मांग की।

## स्पीड न्यूज

### इलाज के अभाव में मजदूर की मौत

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित बस स्टैंड में रहने वाले एक मजदूर की मौत ईलाज के अभाव में हो गयी। घटना के सबंध में मिली जानकारी के अनुसार बबलु महतो 80 वर्ष पिता स्व० सुनातो महतो पुरुलिया पश्चिम बंगाल निवासी बालूमाथ में पिछले 12 वर्षों रहकर कबाड़ी चुनकर बेचने का काम करता था। लगभग पांच माह पूर्व उसे काम करने के दौरान गम्भीर चोट लग गयी थी। जिससे वह बीमार चल रहा था। जहां इलाज की अभाव में बुधवार देर रात उसकी मौत हो गयी। घटना के बाद गुरुवार को आसपास के ग्रामीणों ने उसे मृत पड़ा हुआ पाया। घटना की सूचना पाकर बालूमाथ मुखिया नरेश लोहरा ने मृतक का अंतिम संस्कार करवाया। साथ ही मृतक के पत्नी को सरकारी मदद का भरोसा दिया। मौके पर समाजसेवी बीरेंद्र गुप्ता, बाबूलाल मोची, विक्रांत सिंह सहित कई लोग मौजुद रहे।

### आम बागवानी को हाथियों के झुंड ने किया क्षतिग्रस्त

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के कोमर ग्राम में बुधवार देर रात हाथियों के झुंड में जमकर उत्पात मचाया। जहां जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी के आम बागवानी में लगे पौधों को क्षतिग्रस्त कर दिया। साथ ही पौधों के बचाव के लिए लगाए गए कटीले तार के जाली को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। जानकारी देते हुए जिला परिषद उपाध्यक्ष ने बताया कि बुधवार देर रात करीब 12 की संख्या में आये हाथियों के झुंड ने करीब एक घंटे तक उत्पात मचाते हुए बागवानी में लगे दो दर्जन के अधिक आम व लीची के पौधे को उखाड़ कर फेंक दिया। वही कई पौधे को कुचल कर नष्ट कर दिया। बागवानी में लगे कई आम के पौधे विदेशी नस्ल के थे। कई आम के पौधे थाईलैंड, अमेरिका सहित आंध्र प्रदेश उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र से मंगाए गए थे।

### टाना भगत उच्च विद्यालय से स्टार्टर की हुई चोरी

**चंदवा।** चंदवा थाना क्षेत्र के आदिवासी टाना भगत उच्च विद्यालय निन्द्रा से सोलर द्वारा संचालित नल जल का स्टार्टर तथा स्विच बॉक्स बीती रात चोरी कर लिया गया है। इस आशय की लिखित सूचना प्रधानाध्यापिका ललिता कुमारी ने थाना को दे दी है। स्टार्टर चोरी कर लिए जाने के कारण विद्यालय में पठन-पाठन करने वाले छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों को पीने की पानी की समस्या उत्पन्न हो गया है। बच्चों समेत विद्यालय परिवार ने प्रशासन से उचित पहल का अनुरोध किया है।

### ट्रैक्टर और बाइक में हुई टक्कर, बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ-खलारी मुख्य पथ पर बहेरा ग्राम के समीप बाइक और ट्रैक्टर में टक्कर हो गई। जिसमे बाईक सवार नईम अंसारी 38 वर्ष पिता अली हुसैन अंसारी खलारी जिला रांची निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से घायल नईम को बालमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉ. पुरुषोत्तम कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रांची रिम्स रेफर किया गया। घटना के सबंध में मिली जानकारी के अनुसार नईम अंसारी खलारी से बालूमाथ मेला में खिलौने का सामान बेचने आ रहा था। इसी दौरान बहेरा ग्राम पास बाइक से आगे चल रहे ट्रेक्टर ने एकाएक मोड़ दिया। जिससे बाइक सवार ट्रेक्टर में जा टकराया और गम्भीर रूप से घायल हो गया।

## खोया-पाया

मै संतोष प्रसाद साहू पिता स्व. रामखेलावन साहू ग्राम, पो. चंदवा थाना चंदवा जिला लातेहार का निवासी हूँ। मैने 29/09/1994 को सरदार करतार सिंह से चंदवा के लाइन होटल के समीप साढ़े चौदह डिसमिल जमीन खरीदी थी। जिसका पुराना खाता संख्या 17, प्लॉट 1053 है। इस कागजात की मूल प्रति गुम हो गई है। जिसके कारण परेशानी हो रही है।

## चार सूत्री मांगों को लेकर शिक्षक संघ ने बैद्यनाथ राम को सौंपा ज्ञापन


आवेदन सौंपते संघ के लोग

**लातेहार।** संघ द्वारा प्रस्तावित द्वितीय चरण के आंदोलन के तहत बुधवार को लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम से अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ लातेहार के शिक्षक प्रतिनिधि मंडल ने मिलकर 4 सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन देकर वार्ता किया। विधायक ने सभी मांगों पर चर्चा कर जानकारी प्राप्त की एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो से वार्ता करने एवं विधानसभा सत्र के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव में उठाने का आश्वासन दिया। मौके पर जिला महासचिव अजय कुमार, जिलाध्यक्ष अमूल्य रत्न द्विवेदी, उपाध्यक्ष रईस अहमद, सुरेंद्र पासवान, बसंत राम, सरयू उरांव, अनूप कुमार महासचिव आदि लोग शामिल थे।

## गरीब मजदूरों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का हर संभव प्रयास कर रही है सरकार: बैद्यनाथ राम

खबर मन्त्र संवाददाता


कार्यक्रम में उपस्थित विधायक बैद्यनाथ राम व अन्य

**हेरहंज।** प्रखंड के पंचायत भवन में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंच का संचालन पंचायती राज अधिकारी शह पंचायत सचिव आत्मा सिंह ने किया। वहीं मुख्य अतिथि विधायक बैद्यनाथ राम, बीडीओ प्रदीप कुमार दास, प्रमुख पार्वती देवी, उपप्रमुख बिजय भगत, मुखिया प्रीति कुजुर, जिला पशुपालन पदाधिकारी देवनाथ कुमार चौरसिया ने संयुक्त रूप से दिप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। वहीं विधायक बैद्यनाथ राम ने संबोधित करते हुए कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम करने का राज्य सरकार का उदेश्य है सरकार स्वयं आपके द्वार पहुंचकर समस्या से अवगत होकर समस्या को समाधान करना। साथ ही गरीब मजदूर व्यक्ति तक योजनाओं को धरातल मे पहुंचाने का सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। राज्य में रोजगार के लिए राज्य सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार के कल्याणकारी महत्वाकांक्षी योजना चला रही है। शिविर का मुख्य उदेश्य योजनाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति को मिले। वहीं शिविर के माध्यम से योग्य व्यक्तियों के बीच धोती साड़ी और कम्बल का वितरण किया गया। मौके पर कार्यक्रम के सुव्यवस्थित कर रहे प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी राहुल राज रोजगार, सेवक परमजीत सिंह तथा सभी कर्मी मौजूद रहे।

## एक नजर में

### मुखिया ने किसानों के बीच चना का किया वितरण


किसानों को चना बीज वितरण करती मुखिया

**बरवाडीह।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत गुरुवार को बरवाडीह पंचायत सचिवालय में मुखिया कालो देवी ने रवि फसल के लिए 111 किसानों के बीच चना बीज का वितरण किया। जहां कालो देवी ने कहा कि क्षेत्र के किसान चना की खेती कर अच्छी आमदनी कमा सकते हैं। चना की खेती में ज्यादा मेहनत नहीं पड़ती है। सरकार के द्वारा क्षेत्र के किसानों को उत्तम किस्म के चना बीज का वितरण मुफ्त में किया जा रहा है। ज्यादातर क्षेत्र के किसान चना की खेती करते हैं। सरकार का मुख्य उद्देश्य किसानों को बीज उपलब्ध कराकर उन्नत खेती कराना है। जिससे की किसान कम लागत में अधिक उत्पादन कर सकें। उन्होंने कहा की यह गुणवत्ता पुर्ण बीज है। इससे पैदावार में बढ़ोतरी होगी। किसानों को चना की बोवाई से लेकर चना की कटाई तक कीड़े मकोड़े लगने वाले खरपतवार को बचाने के लिये रासायनिक समेत अन्य चीज भी किसानों के लिए व्यवस्था कराने का प्रयास करूंगी। वहीं भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि चना किसानों को कम मेहनत में अधिक मुनाफा देने वाली फसल है, एवं मिट्टी की उर्वरकता शक्ति को लंबे समय तक बनाए रखने वाली फसल है। इस मौके पर उपमुखिया, वार्ड सदस्य अशोक कुमार सहित काफी संख्या में किसान मौजूद थे।

### झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ ने नये जिला शिक्षा अधीक्षक का किया स्वागत



**लातेहार।** लातेहार के नए जिला शिक्षा अधीक्षक के पद पर कविता खलखो के योगदान के अवसर पर झारखंड प्रगतिशील शिक्षा संघ का प्रतिनिधि मंडल ने उन्हें बुके देकर स्वागत किया और उन्हें भरोसा दिलाया कि लातेहार जिला को शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति के लिए हम सभी अपना संपूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव, जिला सचिव प्रदीप कुमार सिंह, जिला कोषाध्यक्ष संजीव कुमार चंद्र, प्रखंड अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह, योगेंद्र सिंह, अविनाश, रामधनी प्रसाद यादव, संजय प्रसाद के साथ कई शिक्षक उपस्थित थे।

### बनहरदी में आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगा शिविर

**चंदवा।** प्रखंड के बनहरदी पंचायत सचिवालय भवन परिसर में गुरुवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रखण्ड विकास पदाधिकारी विजय कुमार मुखिया रामेश्वर उरांव व पँचायत समिति सदस्य मनोहर उरांव ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। जंहा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विभिन्न विभाग के कर्मियों ने स्टॉल लगाकर पंचायत के लोगों की समस्या सुनी व ऑन द स्पॉट कई समस्याओं का निष्पादन भी किया। शिविर में आवास, पेंशन, राशन, जाति, आय, मनरेगा, जेएसएलपीएस सहित कई विभाग के स्टॉल लगाए गए थे। ग्रामीणों को सरकार की सभी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस प्रमुख व बीडीओ ने कई विभाग के द्वारा लगाये गए स्टॉल में जाकर जायजा लिया। बीडीओ के द्वारा कई लोगों की समस्या का समाधान भी ऑन द स्पॉट भी किया गया। अनेकों जरूरतमंदों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। मौके पर बीपीओ रतन शाहदेव प्रखंड कर्मी अमित गुप्ता समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण व लाभुक मौजूद थे।

### बाइक से गिर कर युवक हुआ घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के बारियातू ग्राम में बाइक से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार राजेश उरांव पिता मनी उरांव नाचना बारियातू निवासी अपने घर से किसी निजी काम से बारियातू आया हुआ था। जहां अचानक बाईक में डिस ब्रेक लग जाने के कारण बाइक से नीचे गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उसका प्राथमिक उपचार डॉ. अमरनाथ प्रसाद की देखरेख में किया गया।

## महिलाओं के साथ सुरक्षा प्रभारी ने किया दुर्व्यवहार

खबर मन्त्र संवाददाता



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोलियरी के आरा ग्राम में अपने निजी जमीन पर मकान बना रहे महिलाओं के साथ एसआईएसएफ के सुरक्षा प्रहरी द्वारा गाली-गलौच व दुर्व्यवहार करने का आवेदन बालूमाथ थाना प्रभारी को दिया है। दिए आवेदन में राधा देवी पति रामनारायण साव, बिंदु देवी पति रामप्रवेश साव, विद्या देवी पति विकास साव ग्राम आरा थाना बालूमाथ निवासी ने कहा है कि वे लोग मंगलवार को अपनी पुश्तैनी जमीन के खाता संख्या 213, प्लॉट संख्या 2359 पर एक कमरे का निर्माण करा रहे थे। इसी दौरान एसआईएसएफ के सुरक्षाकर्मियों द्वारा आकर काम को रोकने का आदेश दिया गया और कहा गया कि 12:00 बजे तक काम को बन्द कर दें। उनके कहे अनुसार काम को बंद रखा गया। परंतु 12:00 बजे के बाद दुबारा जैसे हम लोगों ने काम शुरू करने के लिए कहा। वैसे ही सुरक्षा प्रभारी सूर्यदेव रविदास तथा उसके सहयोगियों द्वारा बिना कोई बात किये हुए गाली गलौज देते हुए काम को पूर्ण रूप से बंद करने का आदेश दिया। इस दौरान सुरक्षा प्रहरी सूर्यदेव रविदास तथा कर्मियों द्वारा महिलाओं के साथ गंदी-गंदी गालियां देते हुए धक्का-मुक्की भी किया गया। साथ ही कहा की ज्यादा नियम कानून बताओगे तो झूठा मुकदमा में फंसा देगे। वहीं निर्माण स्थल का कागजात बालूमाथ अंचलाधिकारी को दिखाया गया था तो उन्होंने कागजात देखने के बाद कहा था कि यह अवैध निर्माण नहीं है। दिए आवेदन के आधार पर महिलाओं के साथ अभद्रता करने वाले सुरक्षाकर्मियों पर कार्रवाई करने की मांग की गई है।

## सीआरपीएफ ने ग्रामीणों के बीच बांटा रोजमर्रा का सामान


सामग्री वितरण करते जवान

खबर मन्त्र संवाददाता

**छिपादोहर।** नक्सलियों के मांद कहे जाने वाले छिपादोहर थाना क्षेत्र के लात पंचायत के टोंगारी में सीआरपीएफ ने सिविक एक्शन प्रोग्राम आयोजित किया। कार्यक्रम का आयोजन झारखंड के पुलिस महानिदेशक अमित कुमार और उपमहानिदेशक विनय नेगी के मार्ग निर्देशन तथा 112वीं बटालियन के कमांडेंट प्रमोद साहू के निर्देश पर आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के में लात पंचायत के हरहे, टोंगारी, बरखेता, गासेदाग लादी समेत कई गांव के सैकड़ो ग्रामीण और स्कूली बच्चे पहुंचे थे। इस दौरान ग्रामीणों के बीच वाटर स्टोरेज, सोलर लालटेन समेत कई वस्तुओं का वितरण किया गया। वहीं स्कूली बच्चों के बीच स्टडी किट का भी वितरण हुआ। मौके पर ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए सहायक कमांडेंट बीएन भोई ने कहा कि सीआरपीएफ लोगों के सुख दुख का साथी रहा है। साथ ही लोगो को सुरक्षा उपलब्ध कराने के साथ साथ हर सम्भव मदद करती रही है। और आगे भी करती रहेगी। मौके पर थाना प्रभारी विश्वजीत कई ग्रामीण, शिक्षक, स्कूली बच्चे और सुरक्षा बल मौजूद थे।

## डीडीसी ने की पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक, कई समस्याओं से हुए रू-ब-रू

खबर मन्त्र संवाददाता


बारियातू मे बैठक करते डीडीसी

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय परिसर सभा कक्ष में डीडीसी सुरेंद्र कुमार वर्मा ने प्रखंड के पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक किया। बैठक में डीडीसी श्री बर्मा ने बैठक में उपस्थिति सभी पंचायत प्रतिनिधियों से परिचय प्राप्त करते हुए। प्रखंड की विकास में आपसी सहयोग से करे। वहीं पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि पंचायत प्रतिनिधियों को एसएलडब्ल्यू (कंपोस्ट फीड) व जल संचयन के लिए आवश्यक स्थानों पर सोखता बनाने पर विशेष चर्चा की गई है। बहुत जल्द यह योजना शुरू की जाएगी। इधर बैठक में प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी ने डीडीसी वर्मा से प्रखंड में चिकित्सक नहीं रहने, परियोजना प्लस टू उच्च बिद्यालय में शिक्षको की कमी, शिबला पंचायत के बाराखाड़ व टोंटी पंचायत के इटके फारूक मिंया के घर से खैराही जाने के लिए सड़क नहीं रहने, पंसस मो. होजैफा ने प्रखंड में मर्ज हुए बिद्यालय के कारण बच्चों को पढ़ाई में हो रही समस्या, पंसस संतोष भगत ने डाढ़ा गोखलाबागी में जर्जर आंगनबाड़ी भवन, मुखिया शांति देवी ने टोंटी पंचायत के टुंडाहुटु स्थित जर्जर आंगनबाड़ी भवन की समस्या से अवगत कराया। जिस पर डीडीसी बर्मा ने कहा कि आप सभी आवेदन बनाकर सौंपे। समाधान हो जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से पंसस सोनी देवी, जया देवी, मानो देवी,मुखिया सरिता देवी ,केदार गंझू सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## एससी-एसटी छात्र-छात्राओं को रजिस्ट्रेशन में जेनरल किये जाने पर रोष, दोषी शिक्षक पर कार्रवाई करने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता


जानकारी देते छात्र व अभिभावक।

**बारियातू।** प्रखंड स्थित प्रोजेक्ट प्लस हाई स्कूल के अध्यनरत एससी एसटी के छात्र-छात्राओं को इंटर मे रजिस्ट्रेशन मे सभी छात्रों को सामान्य केटेगरी मे अंकित किए जाने का विरोध करते हुए दोषी शिक्षक पर कार्रवाई करने की मांग की है। विद्यालय के छात्रा सुमन कुमारी, प्रियांशु कुमारी, अंजली कुमारी, मधु कुमारी, नमिता कुमारी, सिता कुमारी, खुशबु कुमारी व अभिभावक ललिता देवी, सरिता देवी, सीतामनी उरांव सहित अन्य अभिभावकों व छात्र छात्राओं ने बताया की हमलोग विद्यालय के शिक्षक को जाति प्रणाम पत्र दिए थे। परन्तु विद्यालय के शिक्षक के मनमानी व लापरवाही के कारण एका दुका छोड़कर हम सभी एसटी एससी छात्र-छत्राओं को सामान्य वर्ग मे अंकित कर दिया गया है। जिससे हमलोगो को मिलने वाली सभी तरह के लाभ से वंचित हो जायेंगे। साथ ही बताया की नामांकन के समय जाति प्रमाण पत्र लिया गया था। इंटर मे रजिस्ट्रेशन के पूर्व प्रमाण पत्र जमा करने के लिए किसी तरह कोई जानकारी नहीं दी गई। हम सभी छात्रों को सामान्य वर्ग अंकित कर दिया है। उक्त छात्र छात्रों ने उपायुक्त से कटेगरी का जाति प्रणाम पत्र के आधार पर विद्यालय मे पंजीयन मे अंकित करवाने की गुहार लगाई है। साथ ही दोषी शिक्षक पर कार्रवाई करने की भी मांग किया है। ज्ञात हो की चार नवम्बर को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान प्रोजेक्ट प्लस टू हाई स्कूल बारियातू के विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष सत्येंद्र प्रसाद ने विद्यार्थियों से मनमानी पैसा लेने का शिकायत स्थानीय विधायक वैद्यनाथ राम से की थी।

उपरोक्त विषय मे बात करने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापिका गीता देवी ने बताई की 27 नवम्बर तक समय सभी छात्रों को एसटी एससी सुधार कर केटेगरी वाइज कर दिया जायेगा। साथ ही बताया की विद्यालय वार प्रमाण पत्र ऑनलाइन कराया गया था परन्तु हल्का कर्मचारी हड़ताल में चले गए जिसके कारण कई छात्रों को जाति व स्थानीय प्रमाण पत्र लंबित पड़ा हुआ है।

